आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* परशुराम जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 94 | उज्जैन, सोमवार 20 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

एक के बाद एक नई समस्याओं से रूबरू हो रहे किसान,बार-बार शिकायतों के निदान में समय निकाला जा रहा

## सरकार की टालने की मंशा ज्यादा, समर्थन मुल्य पर खरीदी की कम

### पहले सेटेलाईट सत्यापन में अटके किसान, फिर पंजीयन की समस्या और अब 4 क्विंटल का ही स्लाट बुक हो रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

समर्थन मुल्य पर गेंहु खरीदी को लेकर सरकार की मंशा किसानों के सवालों के घेरे में है। खरीदी के मामले में सरकार की मंशा को टालने के स्तर पर देखा जा रहा है। खरीदी में एक के बाद एक किसानों के लिए समस्याओं की फेहरिस्त लगा दी गई है। किसान संघ की बार-बार शिकायतों के बावजूद निदान में समय निकाला जा रहा है। एक समस्या के निराकरण से पूर्व दुसरी खडी हो रही है। इससे किसान सवाल उठा रहे हैं कि मंशा यही है कि ज्यादा से ज्यादा किसान बाजार में अपना गेंहु बेंच दे।

जिले में करीब सवा लाख किसानों ने समर्थन मुल्य पर गेंहु विक्रय के लिए अपने पंजीयन करवाए थे। इनमें से करीब 43 हजार किसानों के सेटेलाईट असत्यापन की स्थिति सामने आ गई थी। उसके साथ ही स्लाट बुकिंग में भी बराबर समस्या आने की शिकायत किसानों द्वारा दर्ज की जा रही थी। 43 हजार किसानों के असत्यापन को लेकर किसान संघ ने आंदोलन का रूख करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया था। इसके बाद किसानों को आश्वासन मिला था लेकिन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नई समस्याओं ने जन्म ले लिया जिससे किसान खरीदी में टालने की मंशा का सवाल खडा कर रहे हैं।

### अब 4 क्विंटल का ही स्लाट बुक हो रहा- भाकिसं

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के मुताबिक 43 हजार किसानों का सेटेलाईट असत्यापन की स्थिति थी। इसमें से करीब 32 हजार का सत्यापन भोपाल से हुआ है 11 हजार किसान अब भी असत्यापन की जद में हैं। अभी इस समस्या के साथ स्लाट बुकिंग का मसला भी उलझन में है। इनके निदान से पहले ही नई समस्या सामने है जिसमें मात्र 4 क्विंटल विक्रय का ही स्लाट बुक हो रहा है। ऐसे में सरकार की मंशा सवालों के दायरे में ही कही जाएगी। हमें तीन दिन का समय निराकरण के लिए दिया गया था। इसे लेकर अब प्रांत एवं प्रदेश के वरिष्ठों के समक्ष मामले को रखा जाएगा। इधर पराली के लिए भी किसानों को नोटिस देना शुरू कर दिए गए हैं।



### पराली जलाने का प्रकरण,सेटेलाईट में असत्यापन

किसान संघ के महिदपुर तहसील अध्यक्ष भगवान सिंह के अनुसार बडनगर तहसील में एक किसान के यहां पराली जलाने का प्रकरण बनाया गया है। इसके उलट सेटेलाईट में उसके खेतों में गेंहु का असत्यापन बताया गया है। महिदपुर तहसील के ही झारडा में सेटेलाईट में असत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में स्थल पर पराली मिली है। जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में इस मामले का सत्यापन हुआ। सत्यापन की प्रक्रिया तीन चरणों में थी। पटवारी से गिरदावरी करवाई गई। कटाई के समय में गिरदावरी के बावजूद उसका सत्यापन नहीं हो रहा है। तीसरे चरण में तहसीलदार की आईडी से सत्यापन हुए । इसके बाद भी सेटेलाईट के असत्यापन में किसान लटक गया है। इससे तो सरकार भावांतर योजना के तहत गेंहु की खरीदी करती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती और आर्थिक रूप से सरकार पर बोझ भी नहीं पडता।

### दैनिक अवंतिका की निष्पक्ष, सर्वहारा वर्ग की आवाज का दमन करने का षडयंत्र

## घोटाले छाप लो या विज्ञापन ले लो अब तो अखबार बंद करवाएंगे -मनीषसिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

किसानों की वाजिब एवं हक के साथ सर्वहारा वर्ग की आवाज निष्पक्ष रूप से रखने वाले दैनिक अवंतिका के दमन का षडयंत्र किया जा रहा है। समाचार पत्र ने लैंड पुलिंग योजना के विरुद्ध किसानों की आवाज बुलंद की थी,जिसे लेकर उसके एक वर्ष से विज्ञापन बंद कर दिए गए हैं। पिछले एक वर्ष से बंद विज्ञापनों के सिलसिले में जब जनसंपर्क आयुक्त से प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा की तो उनका कहना था कि सरकार के घोटाले छाप लो या विज्ञापन मांग लो,अब तो अखबार बंद करवाया जाएगा।

दैनिक अवंतिका अपनी निष्पक्षता के लिए 60 वर्ष से मालवा के जन-जन की आवाज बन चुका है। सर्वहारा वर्ग की आवाज उठाने में समाचार पत्र कभी पीछे नहीं रहा। किसानों की रोजी रोटी पर आए संकट के समय भी यही किया गया। किसानों की आवाज को दमन की नीति अपनाकर दबाने के प्रयास को विफल करते हुए अवंतिका ने इस मामले को मजबूत तरीके से एक वर्ष चले किसान संघर्ष समिति एवं किसान आंदोलन एवं दमन को आमजन के समक्ष शहर हित में रखा था। यही कारण रहा कि भारतीय किसान संघ ने सरकार के योजना वापस लेने के बाद रखे अपने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी में दैनिक अवंतिका के तमाम प्रकाशनों को वजूद के साथ प्रदर्शित किया गया था। यही नहीं समय झसमय पर मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों पर भी प्रहार किया गया। इसके चलते मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क संचालनालय ने दैनिक अवंतिका को जारी होने वाले विज्ञापनों को बंद कर दिया।

### प्रतिनिधि मंडल को आयुक्त का जवाब

करीब एक वर्ष पूर्व विज्ञापनों के आकस्मिक बंद किए जाने के मामले में दैनिक अवंतिका ने तत्कालीन आयुक्त के समक्ष आवेदन देकर इसकी जानकारी दी थी। उसके उपरांत आयुक्त तब्दील हुए उन्होंने भी उस पर कोई जवाब नहीं दिया। हाल ही में जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह से बंद विज्ञापनों को लेकर जब प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल जाकर जनसंपर्क कार्यालय में चर्चा की तो उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि घोटाले छाप लो या विज्ञापन ले लो,अब तो अखबार बंद करवाएंगे। अवंतिका ने अपने समाचारों में निंदक की भूमिका का निर्वहन किया है। समयानुकूल तथ्य परक एवं प्रमाणित समाचारों का ही प्रकाशन किया गया।

### पाठक षड्यंत्र को समझें

दैनिक अवंतिका के प्रतिनिधि के सम्?मुख सरकार के जनसंपर्क विभाग के मुखिया ने सीधे तौर पर उनकी मंशा को व्यक्त किया है। इससे साफ हो रहा है कि षडयंत्र के तहत मालवांचल के निष्पक्ष एवं सर्वहारा वर्ग की आवाज बन चुके समाचार पत्र के दमन की तैयारी की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में रोडसेफ्टी निर्देश जारी किए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निदेर्शो एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2% हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30% है।

### 200 फीट गहरी खाई में गिरी बस, दो की मौत

एजेंसी ▸▸ अजमेर

अजमेर में सवारियों से भरी बस 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। 31 लोग घायल हो गए। पुष्कर जा रही बस में 33 लोग सवार थे। वे पीसांगन (अजमेर) में मायरा भरने जा रहे थे। इस दौरान पुष्कर घाटी में बस बेकाबू हो गई। हादसा पुष्कर से करीब 3 किलोमीटर पहले रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मौके से गुजर रहे लोगों ने कपड़ों से रस्सी बनाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी यात्रियों को पहले पुष्कर के सरकारी अस्पताल लेकर गए।

### पानीपत में सरपंच से 70 लाख हड़पे, भाई- भतीजे पर एफआईआर

एजेंसी ▸▸ पानीपत

हरियाणा के पानीपत में आसाराम केस के मुख्य गवाह महेंद्र चावला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महेंद्र ने एक केस में सरपंच से ब्लैकमेल कर 70 लाख रुपए हड़प लिए। रुपए देने के बाद भी आरोपी 80 लाख रुपए की डिमांड करता रहा। महेंद्र को रुपए देने की अब एक वीडियो भी सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति बैग ले जाता दिख रहा है। दावा किया जा रहा है कि महेंद्र का भाई एक मीडिएटर के घर से बैग में 70 लाख रुपए कैश ले गया।



सीआईए ने मामले में कार्रवाई करते हुए महेंद्र, भाई देवेंद्र और भतीजे राम को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने महेंद्र की मां गोपाली देवी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली है। इस पूरे घटनाक्रम की शुरूआत दिसंबर 2025 में हुई। शिकायतकर्ता भगत सिंह के अनुसार, महेंद्र और सनौली गांव के सरपंच संजय त्यागी का कोई कोर्ट केस चल रहा है। इसी को लेकर महेंद्र की मां गोपाली देवी उनके पास आई। उन्होंने कहा कि हमारे मुकदमे में करीब एक करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं।

स्टाम्प पेपर पर साइन कराए: भगत सिंह के अनुसार, गोपाली देवी ने कहा- अगर वो सरपंच संजय से उन्हें ये रुपए दिला दे तो वे कोर्ट में संजय के पक्ष में गवाही दे देंगे। इसके बाद भगत सिंह ने सरपंच संजय से संपर्क करना शुरू किया। महेंद्र का पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा के साथ भी एक केस चल रहा है। इस केस में उसने सुरेंद्र के खिलाफ दर्ज ऋक्क में समझौते के लिए 101 रुपए के स्टाम्प पेपर पर साइन कर दिए।

दोबारा नोटिस देंगे, मार्च में एक बार खारिज हो चुका

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की तैयारी में विपक्ष

### नियम के अनुसार 100 सांसदों के दस्तखत जरूरी, अब 200 सांसदों का समर्थन जुटाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं।

करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते।




नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। इसकी बड़ी वजह हाल ही में लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण संशोधन बिल है। लोकसभा में शुक्रवार को संविधान में 131वां संशोधन बिल वोटिंग के बाद गिर गया। बिल के खिलाफ 230 सांसदों ने वोट डाला था।

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा।

### कानून के अनुसार प्रस्ताव मंजूर होने पर ही जांच समिति

मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी तरीके से हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाया जाता है। अन्य चुनाव आयुक्तों को हटाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश जरूरी होती है। जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट 1968 के अनुसार, अगर दोनों सदनों में एक ही दिन नोटिस दिया जाता है, तो जांच समिति तभी बनेगी जब दोनों सदनों में प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा चेयरमैन मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाएंगे।

### महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं- पीएम मोदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात 8.30 से 9 बजे, 30 मिनट तक देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, महिला आरक्षण बिल में संशोाधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं।

पीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है। जब कुछ लोगों के लिए दलहित देशहित से बड़ा हो जाता है तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। पीएम ने आगे कहा- कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी।

लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। बिल में लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि इसे पास करने के लिए 352 वोटों की जरूरत थी।

**ढट के संबोधन की बड़ी बातें-** आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया।

**विपक्ष ने खुशी से मेजें थपथपाई :** कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

**नारी अपमान कभी नहीं भूलती:** कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर चोट थी।

## देश विदेश

### चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री, यमुनोत्री के कपाट खुले


**देहरादून।** उत्तराखंड में रविवार को से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री और 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए। गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस पूजा के खत्म होने के बाद आम लोग अब मां गंगा के दर्शन कर पा रहे हैं। उधर, मां यमुनोत्री में कपाट खुलते ही काफी देर से दर्शन के लिए खड़े लोगों की भीड़ अब मंदिर की तरफ बढ़ती दिख रही है। वहीं, बाबा केदार की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है। बाबा की पंचमुखी डोली 21 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी जिसके बाद अगले दिन 22 अप्रैल कपाट खुलेंगे।

### पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

**पुणे।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गत रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि क्ष्अऋ के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था। लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका। आईएएफ ने पर बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। रनवे की मरम्मत के बाद उसे फ्लाइट्स के लिए फिट घोषित कर दिया गया।

प्रेग्नेंसी की दी जानकारी

### दूसरी बार पेरेंट्स बनेंगे दीपिका-रणवीर



धुरंधर 2 दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने रविवार को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है। तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं, हालांकि उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा है। इस पोस्ट पर कई सेलिब्रिटीज ने रिएक्ट किया। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, बधाई हो, आप दोनों खुश रहें। फिल्म धुरंधर में रणवीर के को-स्टार रहे दानिश पंडोर ने कमेंट किया, 'मेहर।' वहीं, नील नितिन मुकेश ने इमोजी शेयर किया। बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, वेलकम बेबी गर्ल। 8-9-2024। दीपिका और रणवीर। इससे पहले फरवरी 2024 में दीपिका ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका और रणवीर ने कई साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में इटली में शादी की थी। कपल के वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर हाल ही में फिल्म धुरंधर 2 में नजर आए थे, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई। धुरंधर 2 दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनिया भर में कमाई 1,748.91 करोड़ रुपए हो गई। इसने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली 2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है।

### पहलगाम हमले की बरसी से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे पहलगाम हमले की बरसी पर टूरिस्ट स्पॉट्स के आस-पास, किसी भी संभावित आतंकी हमले को लेकर सतर्क रहें। पहलगाम आने वाले टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हर सर्विस प्रोवाइडर की जांच-पड़ताल की गई है। उन्हें रजिस्टर्ड किया है। उन्हें यूनीक दफकोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति की निजी जानकारी और दूसरी डिटेल्स हैं। दरअसल, पिछले साल 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन वैली में 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें 25 टूरिस्ट और एक पोनी राइडर शामिल था।

### मणिपुर में उग्रवादियों ने दो लोगों की हत्या की

इम्फाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक रिटायर्ड आर्मी जवान समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसडब्ल्यू चिनाओशांग (46 वर्ष) और यरुइंगम वाशुम (42 वर्ष) इंफाल से उखरुल जा रहे थे, तभी उग्रवादियों ने अचानक उनकी गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना से एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने उखरुल का दौरा किया था और कूकी तथा नागा समुदायों से शांति और संवाद बनाए रखने की अपील की थी। मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी गई है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। साथ ही सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और किसी भी उकसावे में न आने की अपील की गई है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## थ्योरी के अंक आधार पर हों प्रेक्टिकल अंक




हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आए हैं। इसमें केंद्रीय परीक्षा में जिस विद्यार्थी को थ्योरी में 80 में से 17 अंक मिले हैं उसी विषय की प्रायोगिक परीक्षा में उसे 20 में से 20 अंक दिए गए हैं ।यही नहीं जिन विद्यार्थियों को थ्योरी में 80 में से 50-60 अंक आए हैं उनमें से कई को प्रायोगिक परीक्षा के अंक मात्र 12-17 ही मिले हैं। खास यह है कि थ्योरी की परीक्षा की कापियों की चेकिंग बाहरी जिलों में होती है। प्रायोगिक परीक्षा विद्यार्थी के स्कूल में ही होती है। इसके लिए सिर्फ एक एक्सटर्नल रूपी बाह्य शिक्षक आता है। वही विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा लेता है एवं मौखिक परीक्षा जिसे वाय-वाय कहा जाता है उसी समय ली जाती है। जिस विषय की थ्योरी में विद्यार्थी को न्यूनतम अंक प्राप्त हो रहे हैं उसी विषय की प्रायोगिक स्थिति में पूर्ण अंक प्राप्त करने पर सवाल खडे होना लाजिमी है। ऐसा कई विद्यालयों में सामने आया है। इसे लेकर बराबर विद्यार्थी सवाल उठा रहे हैं और उनके सवालों का जवाब परिणाम आने के इतने दिनों बाद भी सामने नहीं आ रहा है। ऐसे में विद्यार्थी इस मामले में संबंधित स्कूल के प्रायोगिक परीक्षा में एक्सटर्नल के साथ संलग्न शिक्षक एवं प्रबंधन के भेदभावं के विचार की स्थिति में हैं। खुसूर-फुसूर है कि जिन विद्यार्थियों की थ्योरी ही स्पष्ट नहीं है उनका प्रेक्टिकल कैसे स्पष्ट हो सकता है और पूर्ण अंक की पात्रता कैसे मिल सकती है। ऐसे में केंद्रीय बोर्ड को बोर्ड परीक्षा में इस पूरे मुद्दे का निदान करते हुए थ्योरी की परीक्षा के प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर प्रायोगिक परीक्षा के कुल अंकों में से उतने ही प्रतिशत अंक की पात्रता दे देना चाहिए जिससे की इस पूरे मामले का अंत ही हो जाए ।इसमें एक्सटर्नल की वर्तमान व्यवस्था को लागू रखते हुए विद्यार्थियों की प्रायोगिक कापी को भी थ्योरी की कापी के साथ संलग्न करते हुए चेकर के पास भेजा जाना चाहिए। एक्सटर्नल को मात्र परीक्षा लेने का अधिकार ही रखा जाना चाहिए। अंकों की स्थिति थ्योरी की कापी चेक करने वाले चेकर को ही दी जाना चाहिए।

महाकाल मंदिर प्रांगण से यात्रा की हुई शुरुआत, टावर चौक पर हुआ समापन,जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

# जय परशुराम के उद्घोष के साथ निकली भव्य दर्शन यात्रा





**दैनिक अवन्तिका उज्जैन**

रविवार सुबह ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य परशुराम दर्शन यात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में समाजजन उत्साहपूर्वक इस यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा की शुरूआत महाकाल मंदिर प्रांगण से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई टावर चौक पहुंची। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज के लोग केसरिया ध्वज लहराते हुए 'जय परशुराम' के उद्घोष कर रहे थे। कई श्रद्धालु हाथों में भगवान परशुराम का प्रतीक शस्त्र फरसा लिए हुए नजर आए। वहीं महिलाओं ने लाल साड़ी और केसरिया साफा पहनकर चल समारोह की शोभा बढ़ाई, जबकि पुरुष सफेद वस्त्रों में अनुशासित रूप से शामिल हुए।

### आज परशुराम जन्मोत्सव पर शाम 6 :00 निकलेगी भव्य यात्रा

आज परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार शाम 6 बजे प्रमुख भव्य परशुराम दर्शन यात्रा निकाली जाएगी। सुरेंद्र चतुवेर्दी ने बताया कि आज परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य यात्रा निकलेगी यात्रा चामुंडा माता चौराहे से प्रारंभ होकर देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फवारा चौक और नई सड़क होते हुए क्षीरसागर पर समाप्त होगी। आयोजकों के अनुसार, इस यात्रा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है और विभिन्न स्थानों पर स्वागत की तैयारियां की गई हैं।

## अक्षय तृतीया पर महाकालेश्वर को 22 लाख का महाभोग

### पुणे के परिवार ने अर्पित किए 1250 किलो हापुस आम और 1250 ग्राम केसर



**दैनिक अवन्तिका उज्जैन**

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर महाराष्ट्र के पुणे से आए कोलते परिवार ने ज्योतिर्लिंग श्री बाबा महाकालेश्वर जी को 22 लाख का भव्य महाभोग अर्पित किया है। इस महाभोग में मुख्य रूप से रत्नागिरी के प्रसिद्ध हापुस आम और हिमालय की घाटियों की शुद्ध केसर शामिल रही।

डॉ. सागर कोलते और उनके परिवार ने बाबा महाकाल के चरणों में 1250 किलोग्राम हापुस आम और 1250 ग्राम शुद्ध केसर अर्पित की। वर्ष 2026 के इन प्रथम प्राकृतिक रूप से पके आमों को शुभ मुहूर्त में स्वर्ण वर्क और शुद्ध केसर से सजाकर नई चांदी की थालियों के साथ भगवान को चढ़ाया गया। चांदी की थालियां, 1250 ग्राम केसर और आमों को विधिवत रूप से मंदिर में ही जमा करवा दिया गया।

**नगर के अन्य देवस्थानों पर भी लगा भोग:** श्री महाकालेश्वर के अलावा उज्जैन के अन्य प्रमुख देवस्थानों पर भी कोलते परिवार द्वारा भोग अर्पित किया गया। श्री कालभैरव मंदिर, श्री हरसिद्धि माता मंदिर, श्री नवग्रह मंदिर, श्री मंगलनाथ मंदिर, श्री गढ़कालिका माता मंदिर और श्री विक्रांत भैरव मंदिर में प्रत्येक स्थान पर 125 किलोग्राम आम और 12 ग्राम केसर चढ़ाई गई। इस प्रकार इन सभी मंदिरों में कुल 750 किलोग्राम हापुस आम और 72 ग्राम शुद्ध केसर का भोग लगाया गया।

यह संपूर्ण कार्य कंपनी की प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी, महाकाल मंदिर के पुजारी और मंदिर प्रशासकीय अधिकारियों के समक्ष व सहयोग से सानंद पूर्ण हुआ। कोलते परिवार ने श्री बाबा महाकालेश्वर जी से परिवार की उन्नति, सुख-संपदा, अभूतपूर्व वास्तु संपदा और उच्चतम स्वरूप की निरंतर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

## इंदिरा ज्योति यात्रा उज्जैन पहुंची, रामराज्य संकल्प अभियान को मिला विस्तार

### चार वर्षीय अभियान के तहत तीन राज्यों में जन-जागरण, 31 मई को सागर में होगा प्रथम चरण का समापन

**दैनिक अवन्तिका उज्जैन**

सम्यक अभियान के अंतर्गत संचालित इंदिरा ज्योति यात्रा रविवार को उज्जैन पहुंची, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यों, विचारों और निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही 'चलें रामराज्य की ओर' संकल्प यात्रा के जरिए महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई 2024 को केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित किए जाने के बाद इंदिरा गांधी के खिलाफ फैलाए जा रहे दुष्प्रचार का जवाब देने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के योगदान को सही रूप में जनता तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

रोकड़े ने बताया कि 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा गांधी की जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरूआत की गई। इसके अंतर्गत 108वें जयंती वर्ष को 'सृजन वर्ष' के रूप में मनाते हुए 108 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका समापन भोपाल में राष्ट्रीय स्तर के समारोह के साथ हुआ।

उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 को छिंदवाड़ा से इंदिरा ज्योति यात्रा की शुरूआत की गई, जो विभिन्न जिलों से होकर अब उज्जैन पहुंची है। आगे यह यात्रा मालवा-निमाड़ और चंबल क्षेत्र के जिलों में जाएगी। अभियान का उद्देश्य हर घर तक इंदिरा गांधी के विचारों को पहुंचाना है।

इसी दौरान 'चलें रामराज्य की ओर' अभियान की भी शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता और गांधीवादी मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस अभियान का शुभारंभ भोपाल में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किया गया था।

प्रदेश स्तर पर अभियान के संचालन हेतु कांग्रेस की 11 सदस्यीय आयोजन समिति गठित की गई है। उज्जैन में जिला आयोजन समिति का गठन विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में किया गया है।

उज्जैन जिले में सम्यक अभियान के जिला समन्वयक एडवोकेट राजेंद्र सिंह सोलंकी, महिला संगठन की जिला समन्वयक माया मालवीय एवं शहर समन्वयक रजिया मोहम्मद को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभियान के प्रथम चरण का समापन 31 मई को सागर में होगा, जिसके बाद जिला स्तर पर यात्राएं प्रारंभ की जाएंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, मनोहर बेरागी, रवि राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने 58 करोड के 7 कार्यों की सौगात दी, सामुहिक विवाह में शामिल हुए

**दैनिक अवन्तिका उज्जैन**

उज्जैन प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिहस्थ 2028 की तैयारी के अंतर्गत रविवार को प्रथम लोकार्पण कार्यक्रम में एक करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह का लोकार्पण किया ।इस दौरान उन्होंने सामुहिक विवाह कार्यक्रमों में भाग लिया और लगभग 58 करोड रुपए के सात कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी देवास रोड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर नव-विवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) भी भेंट किए गए। वे नगर निगम के कार्तिक मेला मैदान में आयोजित 112 जोडे के मुख्यमंत्री विवाह एवं निकाह योजना के आयोजन में भी शामिल हुए ।उन्होंने सर्किट हाउस पर भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूजन अर्चन कर आरती की। उन्हें ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा भगवान परशुराम का चित्र और फरसा भेंट किया गया।




सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर परीक्षा का मिलेगा मौका

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के परिणामस्वरूप प्रदेश के बच्चों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। शासकीय स्तर पर की गई पहल के साथ-साथ यह उपलब्धि विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण भी है। इस वर्ष किसी भी छात्र का परीक्षाफल पूरक घोषित नहीं किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब विद्यार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। जो विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, अनुत्तीर्ण हुए या अंक सुधारना चाहते हैं, वे निराश न हों, सरकार उनके साथ खड़ी है। ₹द्वितीय अवसर परीक्षा₹ 7 से 25 मई तक आयोजित होगी। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को पिछली बार से अधिक परिश्रम और बेहतर करने के लिए एक मौका और दिया गया है।

### 56 विभागों की 1700 सेवाएँ एक ही पोर्टल पर उपलब्ध

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ह्यएमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐपह्ल के माध्यम से प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त आधार मिला है। इससे नागरिक सेवाएँ अब अधिक सरल, सुगम और सुलभ हुई हैं। डिजिटल तकनीक आज सुशासन की आधारशिला बन चुकी है और प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए देश में नई पहचान स्थापित कर रहा है। अब प्रदेशवासियों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक ही मंच पर सभी सुविधाएँ सहज, त्वरित और पारदर्शी रूप में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पहल से सेवा वितरण प्रणाली अधिक जवाबदेह और सुव्यवस्थित बनी है। साथ ही नागरिकों के समय एवं संसाधनों की बचत सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करा रहा है। वर्ष 2026 तक 100 प्रतिशत ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा विकसित यह प्लेटफॉर्म नागरिकों, में जोड़ते हुए सुशासन को और अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### अब स्वामी हर्षानंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी, पिंडदान के साथ त्यागा पिछला जीवन

# उज्जैन में मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया संन्यास

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को अक्षय तृतीया पर संन्यास ले लिया। उन्हें उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने संन्यास दीक्षा दी। संन्यास परंपरा के अनुसार, उन्हें शिखा और दंड त्याग की विधि कराई गई। साथ ही तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म भी कराए गए, जो पूर्व जीवन के त्याग और नए आध्यात्मिक जीवन की शुरूआत का प्रतीक माने जाते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद हर्षा रिछारिया ने संन्यास ग्रहण किया और उन्हें नया नाम स्वामी हर्षानंद गिरि दिया गया। इस मौके पर स्वामी हर्षानंद गिरि ने कहा कि यह उनके जीवन का नया अध्याय है। उन्होंने गुरुदेव के मार्गदर्शन में संन्यास का मार्ग अपनाया है और संकल्प लिया है कि वे अपना जीवन धर्म, संस्कृति और समाज की सेवा में समर्पित करेंगी और संन्यास की मयार्दा का पालन करेंगी।





### संन्यास दीक्षा एक गहन और अनुशासित प्रक्रिया

महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा- संन्यास दीक्षा एक गहन और अनुशासित प्रक्रिया है। इसमें व्यक्ति अपने पूर्व जीवन का त्याग कर आध्यात्मिक पथ पर चलता है। मेरा सभी संन्यासियों से यही आग्रह रहता है कि वे संन्यास की गरिमा को कभी कलंकित नहीं होने दें। एक संन्यासी के आचरण का प्रभाव पूरे समाज और संन्यास परंपरा पर पड़ता है, इसलिए विधि-विधान और मयार्दा का पालन अत्यंत आवश्यक है।

### पिता बस कंडक्टर, मां बुटीक चलाती हैं

रिछारिया का परिवार मूलतः था उत्तर प्रदेश के झांसी का रहने वाला है। उनके पिता दिनेश बस कंडक्टर और मां किरण रिछारिया बुटीक चलाती हैं। एक भाई कपिल है जो प्राइवेट जॉब करता है। पूरा परिवार भोपाल में रहता है। अध्यात्म से पहले स्टेज एंकर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रही हैं। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर उनके अच्छे फॉलोअर्स हैं, सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से जुड़े वीडियो बनाती हैं। ग्रेजुएट हैं और अहमदाबाद से योग स्पेशल कोर्स कर रखा है।

### मप्र स्टेट बार काउंसिल चुनावः 119 प्रत्याशी मैदान में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के 25 प्रतिनिधियों के लिए 12 मई को होने वाले पांच वर्षीय चुनाव के लिए 119 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी जस्टिस सुशील कुमार पालो द्वारा नामांकन पत्रों की जांच के बाद शुक्रवार को अधिकृत सूची सार्वजनिक की गई। चुनाव के लिए कुल 138 नामांकन पत्र जमा हुए थे, जिनमें से 19 विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। अब 119 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। स्टेट बार काउंसिल के मौजूदा सदस्य विवेक सिंह, सुनील गुप्ता, हितोषी जय हार्डिया, नरेंद्र कुमार जैन और खिलाड़ी लाल गनगौरे पुनः चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा इंदौर बार एसोसिएशन के 13 बार अध्यक्ष रह चुके सीनियर एडवोकेट सुरेंद्रकुमार वर्मा सहित निमेष पाठक, तनुज दीक्षित, राकेश सिंह भदौरिया, प्रतिभा वालिया, नूरजहां खान, रेखा बोरवेल, शादाब खान और मोहम्मद शब्बीर खान जैसे नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं।






















न्यूज कालम



## सिर्वी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में 16 जोड़ों का विवाह

**सनावद/बड़वाह।** समीपस्थ ग्राम नांदिया में अखिल भारतीय क्षत्रिय सिर्वी समाज द्वारा आयोजित सिर्वी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में रविवार को 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। महामंडलेश्वर बालकदास महाराज, योगेशजी महाराज एवं हनुमानदास जी महाराज ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। विधायक सचिन बिरला और साथियों ने विवाह सम्मेलन में शामिल होकर नव वर वधुओं के सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। विधायक ने सिर्वी समाज की मांग पर सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधायक निधि से 25 लाख रु देने की घोषणा की और कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों में सहूलियत होगी। विधायक ने कहा कि सिर्वी समाज परस्पर सहयोग से तेजी से उन्नति के पथ पर अग्रसर है। समाज के युवा शिक्षा प्राप्त कर कृषि,प्रशासन और व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता महेश गुर्जर,शंकरसिंह परिहार,लक्ष्मण काग,मुकेश प्रजापत, महेश गुले,शोभागसिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर का शाहपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**शाहपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 18 अप्रैल शनिवार को वार्ड नं. 11 तानाजी वार्ड शाहपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 82 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. शशांक कराले (जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञ), डॉ. इल्का सिद्दीकी (महिला रोग विभाग) एवं डॉ. अकरम खान (जनरल मेडिसिन विभाग) द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच की गई। आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित की गईं। यह स्वास्थ्य शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में एवं पार्षद दीपाली मुकेश महाजन और मुकेश महाजन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## संस्कृति और लोक कला पर दो-दिवसीय परिसंवाद लिखन्दरा संपन्न

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय) में मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल के सहयोग से आयोजित दो-दिवसीय परिसंवाद लिखन्दरा का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन जनजातीय लोककला अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे ने बताया कि अकादमी द्वारा घुमंतू जनजातियों के पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण हेतु शटॉकिंग डिक्शनरी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि भोपाल के बाहर पहली बार यह आयोजन मंदसौर में हुआ, जो लोक कलाओं और समुदायों के सांस्कृतिक इतिहास को सहेजने की एक अनूठी पहल है।विशिष्ट अतिथि श्री रवि प्रताप सिंह बुंदेला ने स्वतंत्रता संग्राम और धर्म रक्षा में जनजातीय समुदायों के बलिदान को रेखांकित करते हुए उनके कौशल को राष्ट्रहित में उपयोग करने पर बल दिया। वहीं, मुख्य वक्ता डॉ. सुवर्णा रावल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इन समुदायों के प्रबोधन, व्यापार और सुरक्षा से जुड़े ऐतिहासिक महत्त्व को स्पष्ट किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक जागरूकता का बड़ा माध्यम बताया। कार्यक्रम में अशोकनगर के कलाकारों ने बीन-बैंड की शानदार प्रस्तुति दी। संचालन डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने किया एवं आभार डॉ. सीमा जैन ने माना।

## तहसीलदार बैश का तबादला हुआ धार से आकर मौर्य ने किया ज्वाइन

**जावरा।** तहसीलदार पारस वैश का ट्रांसफर जावरा से सैलाना अनु विभाग में होकर इन्हें कार्यपालक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी है ।इनके स्थान पर अब धार से सहदेव मौर्य नए तहसीलदार होंगे धार से स्थानांतरित होकर आए तहसीलदार मोर्य ने जावरा पहुंचकर पदभार भी ग्रहण कर लिया।



## विधायक ने नवनिर्मित हॉल और पेयजल टंकी का लोकार्पण

**नीमच।** सामाजिक एकजुटता और सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ग्वाल टोली स्थित श्री चंद्रवंशी ग्वाला (गवली) समाज ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। समाज परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक हॉल, भव्य मुख्य द्वार और नवनिर्मित पेयजल टंकी का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार द्वारा फीता काटकर किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक परिहार ने समाज के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा यह नवीन निर्माण कार्य समाज के सर्वांगीण विकास और सुविधा विस्तार की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस आधुनिक हॉल और बुनियादी सुविधाओं से आने वाले समय में सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों और अन्य आवश्यकताओं को एक सुदृढ़ आधार मिलेगा। इस अवसर पर समाज की एकता और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष श्री धन्नालाल पटेल, मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव सहित समाज के कई वरिष्ठजन, प्रबुद्ध नागरिक और गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मध्यस्थता केन्द्र (मीडिएशन सेंटर) सनावद जिला मण्डलेश्वर (म.प्र.) के भवन का ई-लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



नगर सनावद में मध्यस्थता केंद्र का ई लोकार्पण माननीय न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कर कमलों से एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति. म.प्र. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री बिनोद कुमार द्विवेदी न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय एवं पोर्टफोलियो जज मण्डलेश्वर एवं श्री प्रधान न्यायधीश महोदय श्री अखिलेश जोशी साहब जिला न्यायालय मंडलेश्वर की गरिमामयी उपस्थिति में शुकवार को सनावद पॉलिटेक्निक कॉलेज पास संपन्न हुआ श्री मान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा साहब ने कहा कि यह केंद्र मानवीय रिश्तों को मजबूत करने और लंबी अदालती प्रक्रियाओं से बचने का एक अच्छा विकल्प है। इसमें छोटे-मोटे विवादों को बिना अदालत गए निपटारा हो सकेगा मध्यस्थता केंद्र को सामुदायिक स्तर पर सुलझाना और आपसी विश्वास को बढ़ावा देना हमारी पहली प्राथमिकता हे

केंद्र का मुख्य उद्देश्य विवाद नहीं, संवाद के माध्यम से अदालतों का बोझ कम करना और पक्षकारों को आपसी सहमति से त्वरित न्याय दिलाना है।

समस्त जिले के न्यायाधीश गण एवं अधिवक्ता गणों को बहुत बहुत बधाई शुभ कामनाएंइस अवसर पर श्री मान न्यायाधीश श्री मो असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय कृष्णराव सोनाने मनोज गीते नोमान एम के यादव रश्मि ज्योति चौहान मीणा मंडलोई जेके यादव एजीपी गोपाल चौहान त्रिवेदी श्वेता माहेश्वरी रिंकेश जैन भारत पटेल ज्योति येवतिकर शैलेंद्र ठाकुर सतबीर खनूजा विमल बिरला अमित द्विवेदी राजू कनाडे कैलाश कच्छाया अहिश चोरे विजय गरिया सम्माननीय अधिवक्ता न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया न्यायालय स्टाफ पुलिस थाना स्टाफ मौजूद थे।



## जनगणना-2027 की तैयारियां तेज, एसडीएम ने सिखाई स्व-गणना प्रक्रिया

**महेश्वर ।** समीपस्थ ग्राम खराड़ी जनगणना-2027 के प्रथम बैच के प्रशिक्षण के बाद प्रशासन अब जमीनी स्तर पर स्व-गणना प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में जुट गया है। इसी कड़ी में एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने ग्राम पंचायत खराड़ी में पहुंचकर सरपंच एवं ग्रामीणों के साथ घर-घर जाकर स्व-गणना की प्रक्रिया को समझाया।एसडीएम मंडलोई ने स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद करते हुए उनके मोबाइल नंबर लेकर उन्हें स्व-गणना फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से बताई। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार वे स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं, जिससे जनगणना कार्य अधिक पारदर्शी और सरल बनेगा।इस दौरान एसडीएम मंडलोई ने अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रगणकों को भी निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और स्व-गणना फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित करें।ग्रामीणों ने भी इस पहल में रुचि दिखाई और प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। इस पहल से गांव में जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ डिजिटल माध्यम से जानकारी देने की प्रक्रिया को भी गति मिलने की उम्मीद है।

# श्री परशुराम प्रकटोत्सव सर्व ब्राह्मण समाज ने ध्वजारोहण अभिषेक व महा आरती कर मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



ब्राहम्ण समाज के आराध्य देव भगवान श्री परशुराम का प्राकट्योत्सव रविवार को नगर में सर्वब्राह्मण समाजजन द्वारा धूमधाम से मनाया गया।

रविवार को अक्षय तृतिया के पावन अवसर पर सोमवारिया स्थित श्री गोवर्धननाथ मंदिर में भगवान श्री परशुराम का पूजन हुआ। इसके बाद ब्राह्मण समाजजन के द्वारा भगवान परशुराम का रूद्राभिषेक किया गया।

ध्वजारोहण और यज्ञ के पश्चात भगवान की महाआरती की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घोष वादकों ने मंदिर में घोषवादन कर भगवान की स्तुति की। शंखनाद, घंटों की ध्वनि से वातावरण धर्ममय हो गया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने संपूर्ण व्यवस्था की जिसकी सभी ने सराहना की। आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार माना।

मंदिर में भगवान श्री गोवर्धननाथ और भगवान श्री परशुराम का आकर्षक श्रृंगार किया गया। समाज ने शनिवार को विशाल वाहन रैली निकाली जो शाम को महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया रैली में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया रैली का समापन रामबाग मैदान पर हुआ।

# प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ली जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बुरहानपुर के समग्र विकास के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषक कल्याण वर्ष के तहत अन्नदाताओं को समय पर खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाए।

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट शनिवार को बुरहानपुर जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति एवं जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, जिला अध्यक्ष मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्य, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार, वनमंडलाधिकारी विद्या भूषण सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जिला विकास सलाहकार समिति में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को जोड़ा गया है,

## हादसे ने छीना घर का इकलौता सहारा, बहन ने नम आंखों से दी मुखाग्नि



**मंडलेश्वर।** एक दर्दनाक सड़क हादसे ने नगर के एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। एमजी रोड निवासी युवा अधिवक्ता स्वास्तिक पाटीदार (28) अब इस दुनिया में नहीं रहे। रविवार रात ढापला गांव के पास हुआ यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक परिवार की उम्मीदों का अंत बन गया। स्वास्तिक इंदौर से अपने स्कूटर पर घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि उनके सिर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। अस्पताल पहुंचने के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।स्वास्तिक की कहानी जितनी छोटी थी, उतनी ही संघर्षों से भरी हुई थी। जब वे महज एक साल के थे, तभी पिता का साया सिर से उठ गया था। पांच बहनों ने मां और पिता दोनों बनकर उन्हें पाला, पढ़ाया-लिखाया और इस मुकाम तक पहुंचाया। हाल ही में उन्होंने वकालत की पढ़ाई पूरी कर इंदौर में अपने सपनों की शुरूआत की थी।परिवार की परिस्थितियां भी उतनी ही मार्मिक रहीं पांच में से तीन बहनों ने विवाह नहीं किया था। उन्होंने अपने सपनों को त्यागकर अपने इकलौते भाई को बड़ा करने, उसे अच्छी शिक्षा और बेहतर परवरिश देने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जिस घर में भाई की सफलता की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। बहनों की आंखों के सामने उनका इकलौता भाई हमेशा के लिए दूर चला गया।अंतिम संस्कार का दृश्य इतना मार्मिक था कि हर आंख नम हो उठी। पांचों बहनों ने अपने भाई की अर्थी को कंधा दिया, और सबसे छोटी (पांचवें नंबर की) बहन ने अपने इकलौते भाई को मुखाग्नि दी यह दृश्य पूरे नगर को झकझोर गया। यह हादसा सिर्फ एक युवक की मौत नहीं, बल्कि एक परिवार के सपनों और सहारे के टूटने की कहानी बन गया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत

# सामूहिक विवाह सम्मेलन का कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन आलीराजपुर के कृषि उपज मंडी परिसर में किया गया। इस सम्मेलन में नगर पालिका क्षेत्र के कुल 12 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष एवं जोबट विधायक श्रीमती सेना पटेल, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल सहित पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने सभी नवदंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या दान योजना का लाभ अलग अलग समाज के वर्ग के व्यक्तियों को मिलता है और इस योजना के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को इसका शत -प्रतिशत लाभ मिलता है तथा नव जीवन शुरू करने के लिए विवाह के पश्चात प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी, जो नवविवाहित दंपत्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी।

उन्होंने कहा कि विवाह, नव दम्पति के लिए नई जिम्मेदारी की शुरूआत होती है दोनों नव दंपतियों को एक दूसरे का और परिवार के सम्मान करते रहना चाहिए। विवाह पश्चात कन्या नव पारिवारिक वातावरण में जाती है अतः उसे घुलने मिलने के लिए पूरे परिवार का सहयोग चाहिए। साथ ही नए जोड़ों को अपने जीवन को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए अपने कौशल आधारित व्यवसाय करना चाहिए।

## उज्जैन में अक्षय तृतीया पर च्प्रसव दिवस का आयोजन

**उज्जैन।** उज्जैन में अक्षय तृतीया के अवसर पर कृष्णा मिश्रा च्गुरुजीज ने चरक अस्पताल में प्रसव दिवस का आयोजन किया। इस दौरान अस्पताल में जन्मे नवजात शिशुओं का स्वागत किया गया और प्रसव के बाद की माताओं को आवश्यक सामग्री दी गई। कार्यक्रम में कृष्णा मिश्रा च्गुरुजीज ने नवजात शिशुओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और उनके परिवारों से मुलाकात की। माताओं को बेबी किट और ड्राई फ्रूट लड्डू बांटे अस्पताल में प्रसव से गुजरी महिलाओं को बेबी किट और पोषण के लिए ड्राई फ्रूट के लड्डू वितरित किए गए। यह आयोजन च्प्रसव दिवसज के रूप में लगातार छठे वर्ष आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवा और सामाजिक संवेदना को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. कल्पना पवार और उनकी टीम ने गुरुजी का स्वागत किया। अस्पताल स्टाफ ने आयोजन में सहयोग किया। समाजसेवा और परंपरा जोड़ने की पहल गुरुजी ने कहा कि नवजात शिशुओं का सम्मान समाज में सकारात्मक संदेश देता है। आयोजन के माध्यम से सेवा और परंपरा को जोड़ने का प्रयास किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत कानूनी अधिकारों पर प्रभावी व्याख्यान आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहिद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के आदेशानुसार प्रभारी डॉ. रणजीत सिंह मेवाडे द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत छात्राओं में जागरूकता एवं आत्मविश्वास विकसित करने हेतु कानूनी अधिकारों पर विस्तृत व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रणजीत सिंह मेवाडे (प्रभारी) द्वारा प्रभावी रूप से किया गया। महिला सशक्तिकरण की संयोजक डॉ. लक्ष्मी वास्केल ने विषय विशेषज्ञ का स्वागत करते हुए उनका परिचय प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में विधि महाविद्यालय से पधारीं डॉ. कीर्ति पटेल (विधि प्राध्यापिका) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। अपने प्रभावी एवं प्रेरणादायक व्याख्यान में उन्होंने महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनोंकृजैसे घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम एवं कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षणकृपर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज के समय में कानूनी जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर किसी भी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकें। डॉ. पटेल ने यह भी कहा कि शिक्षित और जागरूक महिला ही सशक्त समाज की नींव रखती है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों को समझने एवं आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा सरल एवं स्पष्ट उत्तर दिया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. दिनेश परमार, डॉ. राजमल सिंह राव, डॉ. निर्मला मौर्य, डॉ. कंचन कन्नौजे, डॉ. चंदा यादव, रितु कुमरावत, अर्चना पिपलाज आदि उपस्थित रहे। अंत में डॉ. रंजना चौहान द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता सहित सभी उपस्थित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान :

# प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया हसनपुरा तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अपने बुरहानपुर प्रवास के दौरान ग्राम हसनपुरा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चन कर हसनपुरा तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में नेपानगर विधायक मंजू दादू, जिला अध्यक्ष मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर, पूर्व महापौर अतुल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वनमंडलाधिकारी विद्याभूषण सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने तालाब गहरीकरण कार्य में लगे श्रमिकों से कहा कि कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संचयन की शपथ भी ली। विदित है कि तालाब गहरीकरण से तालाब की जलधारण क्षमता में वृद्धि होगी जिससे आस-पास के क्षेत्र में 101 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा एवं किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सिलावट ने ग्रामीणजनों एवं महिलाओं के बीच बैठकर संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणजनों से शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। प्रभारी मंत्री सिलावट ने आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन वितरण, उज्ज्वला योजना एवं पेंशन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों एवं प्रस्तावों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना है।

# दिनदहाड़े सिद्धवट के पास सुरक्षा गार्ड की हत्या

## उधार रूपये लौटाने के लिये बुलाया था, विवाद होने पर किया हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सुरक्षा गार्ड का काम करने वाले युवक की रविवार दोपहर हत्या कर दी गई। मामला उधार रूपये लौटाने के दौरान हुए विवाद का होना सामने आया है। मामले में पति-पत्नी और पुत्र की तलाश शुरू की गई। देर शाम महिला को हिरासत में ले लिया गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के अनंत नगर में रहने वाला राम पिता अशोक कुमावत 40 साल वाहन शोरूम पर सुरक्षा गार्ड का काम करता था। दोपहर 1 बजे भैरवगढ़ क्षेत्र के सिद्धवट मंदिर के पास भदेड मोहल्ले में राम की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। खबर मिलते ही राम का भाई बंटी कुमावत और मां कुसुमबाई घटनास्थल पहुंचे। भाई ने बताया कि हत्या रामेश्वर मालवीय, उसकी पत्नी प्रेमलता उर्फ भूरी और पुत्र दुर्गेश द्वारा की गई है। उसका कहना था कि प्रेमलता ने मां कुसुम को कॉल किया था और बताया कि पति रामेश्वर से राम का विवाद हो गया है, जल्द आ जाओं। बंटी का कहना था कि रामेश्वर ने 50 हजार रूपये राम से उधार लिये थे। सुबह 10 बजे रामेश्वर ने कॉल किया था और राम को रूपये लौटाने के लिये बुलाया था। राम बाइक से भैरवगढ़ जाने के लिये निकला था। प्रेमलता का कॉल आने पर पहुंचे तो तीनों भाग निकले राम खून से लथपथ मृत अवस्था में पडा था। मामले में एसआई शोभाराम किरार ने बताया कि बंटी कुमावत की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल रामेश्वर के घर के सामने का है। मृतक की बाइक भी वहां खड़ी मिली है। हत्या में शामिल पति-पत्नी और पुत्र की तलाश शुरू की गई और देर शाम प्रेमलता को हिरासत में ले लिया गया। जिससे पूछताछ कर पति और पुत्र की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है।



### मृतक के घर काम करती थी प्रेमलता

मृतक के भाई बंटी ने बताया कि प्रेमलता कुछ सालों से उनके घर साफ-सफाई का काम करने आती थी। इसी दौरान उसके पति से रामेश्वर से राम का परिचय हुआ था और उसने रूपये उधार दिये थे। रामेश्वर ने उधार लिये रूपये लौटाने के लिये बुलाया था, विवाद होने पर उसने पुत्र और पत्नी के साथ मिलकर हत्या कर दी। थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रतापसिंह के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। रामेश्वर, उसकी पत्नी और पुत्र के गिरफ्त में आने पर सामने आ पायेगा कि विवाद किसी बात को लेकर हुआ था। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण रूपयों का विवाद होना सामने आया है।

### 19 दिन में उज्जैन जिले में पांच हत्या

जिले में अप्रैल माह के 19 दिन में पांच हत्या के मामले सामने आ चुके है। सभी हत्या के पीछे मामूली विवाद की वजह सामने आई है। सबसे पहले 1-2 अप्रैल की रात लिफ्ट मांगने की बात पर हुए विवाद में आरिफ उर्फ भूरू निवासी बेगमबाग कालोनी की आगररोड पर हत्या कर दी गई थी। 5 अप्रैल को चिमनगंज उद्योगपुरी में के.के. उर्फ केवल श्रीवास्तव की दोस्त ने शराब पीने के दौरान हुए विवाद में सीने में चाकू घोंपकर हत्या की थी। 6-7 अप्रैल को माकडोन में ढाबे पर खाना खाने की बात पर हुए विवाद में लखन नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। 11 अप्रैल को महिदपुर में बालाराम गुजराती की हत्या का मामला सामने आया था। बालाराम का चाकू से गला रेता गया था। अब 19 अप्रैल को भैरवग? क्षेत्र में राम कुमावत की हत्या होना सामने आया है। पुलिस ने चार हत्या में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# गिरफ्त में आया नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला युवक

## 4 माह पहले किया था शोषण, 6 घंटे में पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नाबालिग को अकेला पाकर 4 माह पहले दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने मामला सामने आने के बाद 6 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। रविवार दोपहर आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली 17 साल की बालिका को परिजन शनिवार शाम थाने लेकर पहुंचे थे। जहां नाबालिग ने बताया कि उसके माता-पिता प्रतिदिन सुबह मजदूरी पर चलते जाते है, वह घर पर अकेली रहती है। 4 माह पहले गांव के रहने वाले अमन पिता संजू चौहान ने उसे अकेला पाकर उसके साथ अनैतिक काम किया था और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। वह काफी डर गई थी। जिसके चलते परिजनों को घटना नहीं बताई। परिजनों ने बताया कि पेट दर्द होने पर बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां गलत काम होना सामने आया। थाना



प्रभारी हेमराज यादव के अनुसार मामला नाबालिग के साथ अनैतिक काम और धमकी देने का होना पर आरोपित युवक अमन के खिलाफ संगीन धारा में प्रकरण दर्ज किया गया और गिरफ्तारी के लिये एसआई चुन्नीलाल माले, प्रधान आरक्षक राहुल कुशवाह, गणेश कुमार, महिला आरक्षक प्रेरणा की टीम बनाई गई। अमन के ठिकानों का पता लगाया गया और दबिश दी गई। 6 घंटे में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# अभिरक्षा में अनमोल गुर्जर को फरार कराने वाले 6 आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हीरामिल की चाल में गोली चलाने वाले आरोपियों में शामिल कुख्यात बदमाश अमनोल गुर्जर को फरार कराने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है। अनमोल की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गोलीकांड का मुख्य आरोपी पूर्व में पकड़ा गया था, जो जेल की सलाखों में है।

देवासगेट थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल की रात हीरामिल की चाल ब्रिज के नीचे लव निर्मल निवासी विष्णुपुरा को दोनों पैरों में गोली मार दी गई थी। पुलिस ने चंद घंटो में गोली मारने वाले मुख्य आरोपी जय उर्फ बच्चा चौहान निवासी शांतिनगर को गिरफ्तार कर 12 बोर का कट्टा बरामद किया था। पूछताछ में उसने अनमोल गुर्जर और एक अन्य साथी के साथ पुरानी रंजीश में गोली मारना कबूल किया था। पुलिस अनमोल और फरार एक अन्य साथी की तलाश में लगी थी। इस बीच फरार अन्य आरोपी विकास पिता रमेशचंद्र सिरोलिया अमननगर छोटी मायापुरी को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में अनमोल की फरारी में मदद करने वाले नवनीत पिता धोलालाल नायक 22 साल जयसिंहपुरा, यशवंत उर्फ यश पिता संजय कौशल 21 साल राधा परिसर नानाखेडा, जतिन पिता मोहनलाल सूर्यवंशी 20 साल महाकाल मार्ग, प्रीतम पिता गजराजसिंह ठाकुर 20 साल डांडा भवन क्षेत्र और शीतल उर्फ शीतू पिता दिलीप त्रेणावत 23 साल निवासी संजय नगर नानाखेडा के नामों का खुलासा किया। विकास सारोलिया को रिमांड पर लेकर अनमोल की फरारी में मदद करने वाले पांचों आरोपियों को रविवार शाम अभिरक्षा में ले लिया गया। जिनके पास से एक पल्सर बाईक और सुजुकी एक्सेस गाड़ी बरामद की गई है। सभी से अनमोल और अन्य बदमाशों के संबंध में पूछताछ जारी है।

### दीक्षा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आज

**उज्जैन।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज उज्जैन स्थित श्री जीरावला पार्श्वनाथ मंदिर, सूरज नगर पार्श्वनाथ परिसर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रवीण ककरिया एवं राकेश नाहटा ने सयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन मालव भूषण, परम पूज्य गुरुदेव श्री नवरत्न सागर सूरिश्वर जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद एवं परम पूज्य आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरिश्वर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से संपन्न होगा। कार्यक्रम आज आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरिश्वर जी महाराज के 48वें दीक्षा दिवस एवं 49वें दीक्षा वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

# पान बड़ोदिया में रंजीश को लेकर चले हथियार, 12 घायल

**उज्जैन।** पान बडोदिया में रंजीश को लेकर शनिवार-रविवार रात 2 पक्षों के बीच हथियार चल गये। घटनाक्रम में 12 लोग घायल हुए है, जिनका तीन अस्पतालों में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले में बलवे का प्रकरण दर्ज किया है।

भेरूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पान बड़ोदिया में राजपूत और भाट परिवार के बीच पुराना विवाद चल रहा है। रात में गाली-गलौच होने पर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गये और देखते-देखते लाठी, तलवार निकल आये। इस बीच एक पक्ष से राजेंद्र पिता भगवानसिंह देवडा, दरियाव पिता भंवरसिंह देवड़ा, माखन पिता वीरेंद्रसिंह सोलंकी, शैलेन्द्र पिता वीरेंद्रसिंह सोलंकी, कुलदीप पिता भेरूसिंह सोलंकी, भोम पिता मेहरबान सिंह देवडा, लालसिंह पिता रामसिंह पंवार, प्रेम पिता रूगनाथ सिंह पंवार घायल हो गये। दूसरी ओर से भीमसिंह तंवर पिता जगगन्नाथ, माखन पिता भीमसिंह तंवर, धर्मेंद्र जगगन्नाथ सिंह तंवर, दीपक पिता बनेसिंह तंवर घायल है। विवाद की खबर मिलते ही भैरवगढ़ थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंच गया था। एक पक्ष के घायलों को फ्रीगंज क्षेत्र के 2 निजी अस्पतालो में भर्ती किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसआई शोभाराम किरार ने बताया कि मामले में बलवे का प्रकरण दर्ज किया गया है। घायलों के बयान दर्ज कर क्रास कायमी की जायेगी और मेडिकल रिपोर्ट मिलने पर धाराओं का इजाफा किया जायेगा। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों से कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं घायलों की अस्पताल से छुट्टी होने पर उनकी गिरफ्तारी की जायेगी।

# युवक ने बताया गांजा उपलब्ध कराने वाले का नाम

**उज्जैन।** गांजा लेकर आये युवक को पुलिस ने पकडा तो उसने उपलब्ध कराने वाला का नाम बता दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर 1 किलो 221 ग्राम गांजा बरामद कर मामला जांच में लिया। दोनों को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शनिवार को खबर मिली थी कि एक युवक नायनरोड बीसीआई जंगल से गांजा लेकर जाने वाला है। तत्काल उसे गिरफ्तार करने के लिये एसआई संजय माथुर, एएसआई भुरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह, कालूराम परिहार, प्रद्युमन सिंह पंवार को रवाना किया गया। जंगल से दिव्यांशु उर्फ भय्यू पिता दीपक 18 साल निवासी सी ब्लॉक बिरलाग्राम को पकडा गया। जिसके पास से 1 किलो 221 ग्राम गांजा कीमत 15 हजार रूपये बरामद किया गया। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गई तो उसने गांजा लक्की उर्फ ललित पिता अनिल पीवाल द्वारा देना बताया। गांजा उपलब्ध कराने वाले की तलाश में सी ब्लॉक में दबिश दी गई। लक्की उर्फ ललीत भी गिरफ्त में आया गया। मामले में धारा 29 का इजाफा कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार लक्की उर्फ ललित के खिलाफ पूर्व 5 अपराधिक मामले दर्ज है। वहीं दिव्यांशु के खिलाफ पहला मामला दर्ज हुआ है।

# नदी से मिली छलांग लगाने वाले युवक की लाश

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी में शनिवार शाम युवक ने छलांग लगा दी थी, तलाशी अभियान में रविवार दोपहर उसका शव बाहर निकाल लिया गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया है।

महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि शनिवार शाम एक वृद्ध महिला ने सूचना देकर बताया था कि भूखी माता घाट पर एक युवक क्षिप्रा नदी में कूदा है। सूचना पर पुलिस पहुंची थी और युवक की तलाश के लिये एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था। देर शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया था। रविवार सुबह दोबारा तलाशी अभियान शुरू किया गया। दोपहर में 12 बजे के लगभग युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। मृतक सफेद-काले रंग की चैक्स शर्ट और पेंट पहने था। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। एक हाथ पर कट के काफी निशान थे। दूसरे हाथ पर विकास गुदा हुआ था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ है। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किये गये, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाया गया है। जिले के पुलिस थानों से गुमशुदा युवकों की जानकारी मांगी गई है, वहीं मृतक का फोटो आसपास के जिलों की पुलिस को पुलिस ग्रुप के माध्यम से भेजा गया है। मृतक के परिजनों का पता चलने पर उसके द्वारा उठाये गये कदम का कारण सामने आ पायेगा।

# 14 वर्षों बाद भगवान महावीर का महामस्तकाभिषेक

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित श्री दिगंबर जैन दर्शनगिरी तीर्थ पर अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को भगवान महावीर का भव्य महामस्तकाभिषेक अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। लगभग 14 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस मंगलमय अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इस तीर्थ की स्थापना समाधिस्थ आचार्य श्री दर्शन सागर जी महाराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से हुई थी, किंतु मार्ग अनुकूल न होने के कारण लंबे समय तक तीर्थ का विकास अवरुद्ध रहा।

वर्ष 2025 में मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज के उज्जैन चातुर्मास के दौरान उनके मार्गदर्शन में नए ट्रस्ट का गठन किया गया। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा मार्ग क्रय कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, जिसके फलस्वरूप महामस्तकाभिषेक के रूप में यह प्रथम भव्य आयोजन संभव हो सका।

**तीर्थ बनेगा भव्य आस्था केंद्र मुनिश्री-** वर्तमान में अहमदाबाद में विराजमान मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज कार्यक्रम में लाइव माध्यम से जुड़े। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दर्शनगिरी तीर्थ का विकास कार्य भले ही कुछ विलंब से प्रारंभ हुआ है, किंतु यह तीर्थ केवल उज्जैन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत में एक भव्य एवं आकर्षक आस्था केंद्र के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने दर्शनगिरी ट्रस्ट एवं उज्जैन जैन समाज को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, राष्ट्रीय परामर्शदाता अमित कासलीवाल एवं आशीष जैन सूतवाला, इंदौर के समाजसेवी नरेंद्र वेद, सुसनेर के प्रेमचंद जैन तथा राजमल जैन खूपवाला शामिल रहे। दर्शनगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, सचिव नीरज सोगानी, कोषाध्यक्ष चेतन राणा, उपाध्यक्ष अभिषेक विनायका व गौरव लुहाड़िया, सह सचिव हितेश जैन परम, सह कोषाध्यक्ष अंतिम जैन एवं ट्रस्टी लविश जैन ने मंचासीन अतिथियों और समाजजनों का स्वागत किया।

## न्यूज -कॉलम

### अवैध देशी शराब के साथ हिरासत में आया युवक



**उज्जैन।** शनिवार रात में सर्कल भ्रमण के दौरान पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ युवक को हिरासत में लिया। उसके पास से 27 हजार की शराब बरामद होने पर धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसआई श्रवण भदौरिया ने बताया कि भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि सांवराखेड़ी मार्ग पर एक युवक 2 झोले में अवैध शराब लेकर खडा है। उसे किसी का इंतजार है। सूचना पर भ्रमण टीम सांवराखेडी मार्ग पर पहुंची, पुलिस वाहन देख युवक ने झोले छोडकर भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पीछा कर पकड लिया गया। झोलों से देशी शराब के 300 क्वार्टर बरामद होने पर पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम प्रदीप पिता दुर्गालाल बनेल निवासी कुष्ठधाम बस्ती हामूखेडी होना बताया। प्रदीप का कहना था कि उसे शराब एक युवक ने दी थी, जिसे चेहरे से पहचानता है। उसे सांवराखेडी मार्ग पर एक व्यक्ति के आने पर उसे देने के लिये कहा था। एएसआई भदौरिया के अनुसार रविवार दोपहर युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### दर्शन करने आये युवक की तबीयत बिगडने के बाद मौत

**उज्जैन।** महाराष्ट्र से 10 लोगों को दल शुक्रवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। शनिवार को दल में शामिल अनिल पिता विष्णु रामानय 45 साल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार-रविवार रात मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाई गई। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद अनिल का शव महाराष्ट्र ले जाया गया है। एक अन्य मामले में 60 साल के बाबू नामक वृद्ध को तबीयत बिगड़ने के बाद 15 अप्रैल को चरक अस्पताल में ग्राम गनावा के चौकीदार ने भर्ती कराया था। रविवार तड़के वृद्ध की मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों की तलाश की सूचना दी। मृतक ग्राम गनावा का रहने वाला था अकेला रहता था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है।

### बस में नेपाल के युवक को आया सायलेंट अटैक

**उज्जैन।** तराना के ग्राम कनासिया स्थित रेस्टोरेंट के सामने रूकी बस में सवार नेपाल के युवक दिल बहादूर पिता तिनकरामा राऊत 31 साल सीट से नहीं उठ पाया। उसे तराना के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सायलेंट अटैक की आशंका जताई। मृतक युवक को उज्जैन चरक अस्पताल भेजा गया। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान उसके साथियों ने बताया कि नेपाल से मिनी बस में 20 लोग गोवा जाने के लिये निकले थे। रेस्टोरेंट पर बस चाय नाश्ता करने के लिये रोकी थी, इस दौरान दिल बहादूर को उठाया तो वह नहीं उठा था। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव नेपाल ले जाया गया है। संदिग्ध मौत का एक मामला ग्राम ढाबालादूता से भी सामने आया। गांव में रहने वाला सेवाराम पिता दयाराम प्रजापत 54 साल गांव में गोविंद पटेल के यहां शादी में गया था। रात में वापस लौटते समय गिर गया। रातभर घर नहीं लौटा। परिजनों को लगा कि शादी वाले घर रूका होगा। लेकिन सुबह गांव के ईश्वर ने रास्ते में पड़ा देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस के अनुसार मृतक की मौत हार्ट अटैक से मौत होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह पता चल पायेगी।

### कुख्यात बदमाश पर एक माह बाद दर्ज हुआ केस

**उज्जैन।** नगर निगम के पीछे मजार का अवैध अतिक्रमण 26 मार्च को निगम की रिमूव्हल गैंग पहुंची थी। उस दौरान कुख्यात बदमाश छैनू पिता बाबू डबल ने अतिक्रमण गैंग के साथ सदस्यों को धमकाया था और मजार का अतिक्रमण हटाने से रोकने का प्रयास किया था। निगम की ओर से मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई गई थी। एक माह बाद पुलिस ने छैनू के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है। छैनू की तलाश जारी है, उसके खिलाफ दर्जनों संगीन मामले पूर्व से दर्ज है।

### शोर मचाने पर राजेन्द्र नगर में 3 युवकों के साथ मारपीट

**उज्जैन।** राजेन्द्र नगर गली नम्बर 1 से रात में क्षेत्र का रहने वाला आदित्य पिता गजेन्द्रसिंह कनेल 23 साल अपने दोस्त दिपांशु बडोले और विनायक शर्मा निवासी इंदिरानगर के साथ निकल रहा था। तभी वहां रहने वाले गुड्डू तोमर ने उन्हे रोका और शोर मचाकर निकलने की बात पर विवाद शुरू कर दिया। आदित्य ने गुड्डू को रोकने का प्रयास किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। यहीं नहीं विनायक का चश्मा भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। चिमनगंज थाना पुलिस ने विनायक की शिकायत पर गुड्डू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**पश्चिम रेलवे – दाहोद**

**टेंडर नोटिस संख्या – EL722-1-26-27-01, दिनांक : 17.04.2026, कार्य का नाम :** दाहोद के जनरल स्टोर में पुरानी लिफ्ट की जगह 05 MT क्षमता वाली नई माल-सह-यात्री लिफ़्ट लगाने का प्रावधान, **पता :** सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद– 389160 (गुजरात), **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 81,00,000/-, **ई–टेंडर जमा करने व खुलने की तिथि व समय :** Submission Up to 15.00 Hrs on **08.05.2026** and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website **www.ireps.gov.in**/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. ADM/7/1/009

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**इंजीनियरिंग विभाग : ई–टेंडरिंग सूचना**

संख्या : W/623/5/1/NIT, दिनांक : 16.04.2026, मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई–निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

**क्र. संख्या :** 1, **ई–टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-149R, **कार्य का नाम :** Execution of various work in RTM division : 1.Ratlam Division - Upgradation of station, circulating area, water supply & approach roads at Ujjain, Laxmibai nagar, Naikheri (Simhastha 2028). 2. Ratlam Division - Augmentation of Water Supply arrangements at various stations (12 stations) (Simhastha 2028). 3. Ujjain - Improvement to Circulating area and Drainage towards PF01 and PF08 (Simhastha 2028). 4.Chintaman Ganesh - Provision of Cover shed on PF 01 and PF 02 (Simhastha 2028), **अनुमानित लागत :** ₹ 48,09,02,667.36, **बयाना राशि :** ₹ 96,18,100.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 08.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। ADM/5/1/007

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिमी रेलवे वटवा और हावड़ा के बीच विशेष ट्रेन चलाएगी**

| ट्रेन नं. | उत्पत्ति स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09481 | वटवा - हावड़ा | 21.04.2026, 22.04.2026 & 27.04.2026 | 16:45 बजे (मंगलवार, बुधवार और सोमवार) | सुबह 10:00 बजे (गुरुवार, शुक्रवार और बुधवार) |
| 09482 | हावड़ा - वटवा | 23.04.2026, 24.04.2026 & 29.04.2026 | 20:00 बजे (गुरुवार, शुक्रवार और बुधवार) | 14:25 बजे (शनिवार, रविवार और शुक्रवार) |

हॉल्ट्स: छायापुरी, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बिना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जन., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, पीटी. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्धमान एंड बंडल स्टेशंस इन बोथ डायरेक्शन्स.

संरचना: एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

रेल के ठहरावों, समय-सीमाओं और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन नंबर 09481 के लिए बुकिंग 20.04.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। उपर्युक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।

## जियो तो ऐसे जियो कि बादशाह भी खैरियत पूछे



फारस देश का बादशाह नौशेरवां न्यायप्रिय था। वह अपने वह भ्रमण पर निकला।

फारस देश का बादशाह नौशेरवां न्यायप्रियता के लिए विख्यात था। एक दिन वह अपने मंत्रियों के साथ भ्रमण पर निकला। उसने देखा कि एक बगीचे में एक बुजुर्ग माली अखरोट का पौधा लगा रहा है।

बादशाह, माली के पास गया और पूछा, 'तुम यहां नौकर हो या यह तुम्हारा बगीचा है? तब उस माली ने कहा कि,'मै यहां नौकरी नहीं करता। यह बगीचा मेरे ही पूर्वजों न लगाया है।' बादशाह बोले, 'तो तुम यहां अखरोट के पेड़ क्यों लगा रहे हो।

क्या तुम समझते हो कि इनके फल खाने के लिए तुम जीवित रहोगे? जग जाहिर है कि अखरोट का पेड़ लगाने के बीस वर्ष बाद फलता है।'

बुजुर्ग ने बादशाह को उत्तर दिया मैं अब तक दूसरों के लिए लगाए पेड़ों से बहुत फल खा चुका हूं। इसलिए मुझे भी दूसरों के लिए पेड़ लगाने चाहिए। स्वयं फल खाने की आशा से ही पेड़ लगाना तो स्वार्थपरता है। बादशाह उस बुजुर्ग माली का जबाव सुनकर बेहद प्रसन्न हुआ और उसे दो अशर्फियां बतौर पुरस्कार भेंट की।

**संक्षेप में–** उपकार हमेशा दूसरों के लिए ही किया जाता है। जिस तरह पेड़ दूसरों के लिए फल देते हैं स्वयं नहीं खाते उसी तरह हमें भी दूसरों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

**सम्पादकीय**

## बंगाल में चुनावी युद्ध का सुपर खेला

भारत के जिन राज्यों में आगामी 23 व 29 अप्रैल को चुनाव होने जा रहे हैं उनमें से तमिलनाडु में एक ही चरण में मतदान पूरा हो जायेगा जबकि प. बंगाल में मतदान दो चरणों में उपरोक्त तारीखों पर होगा। तमिलनाडु में चुनावों की राजनीति शेष देश के सभी अन्य राज्यों से भिन्न रही है । यहां आजादी के पहले से ही सामाजिक न्याय के आधार पर क्षेत्रीय पार्टियां बनती झबिगड़ती रही हैं। इस राज्य की एक और खूबी रही है कि तमिल फिल्म उद्योग से जुड़े सितारों से लेकर पटकथा लेखकों का राजनीति में बोलबाला रहा है। स्व. एम.जी. रामचन्द्रन से लेकर स्व. एम. करुणानिधी और जय ललिता तक जैसे राजनेता राज्य की विधानसभा में अपना दबदबा कायम रखने में कामयाब रहे हैं। फिलहाल एक नवोदित लोकप्रिय फिल्मी सितारे टीवी के विजय चुनावी मैदान में अपनी नई पार्टी के साथ जोर-आजमाइश कर रहे हैं और उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक से लेकर विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक के नेताओं की नींद उड़ा रखी है हालांकि उनकी लोकप्रियता तमिलनाडु के युवा वर्ग तक ही सीमित है फिर भी हम देख सकते हैं कि इस बार कहीं तिकोना संघर्ष चुनावी मैदान में न हो जाये मगर इसके ठीक उलट प. बंगाल का चुनावी परिदृश्य है। यहां असली टक्कर सत्ताधारी ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी व भाजपा के बीच है। ममता दी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह बंगाली राजनीतिक संस्कृति के अनुरूप जमीन पर संघर्ष करके लोकप्रिय नेता बनी हैं। उन्होंने नब्बे के दशक के शुरू में ही कांग्रेस से अलग होकर अपनी तृणमूल कांग्रेस पार्टी बनाई थी और प्रतिज्ञा की थी कि वह राज्य से वामपंथियों के शासन को उखाड़ कर ही दम लेंगी। इस काम में उन्हें 15 वर्ष से कुछ अधिक का समय लगा और 2011 में जाकर उन्होंने प. बंगाल में अपना राज कायम करने में सफलता पाई। 2011 में ममता दी का राजनीतिक जलवा इस कदर उफान पर था कि उन्होंने उस समय के मार्क्सवादी मुख्यमन्त्री बुध देव भट्टाचार्य को भी कोलकाता की जादवपुर सीट से चुनाव में पराजय दिला दी। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। हालांकि राज्य में भाजपा का उदय भी उनके ही सहयोग से तब हुआ था जब देश में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार थी। बेशक भाजपा बंगाल में हाशिये पर पड़ी हुई पार्टी मानी जाती थी, मगर 2016 के विधानसभा चुनावों के बाद इसमें जान आनी शुरू हुई और 2019 के लोकसभा चुनावों के आते-आते भाजपा राज्य की

**परशुराम जयंती पर विशेष**

# विलक्षणता और विशिष्टता से परिपूर्ण: युगदृष्टा भगवान परशुराम



डॉ. मनीष दव
(दैनिक अवन्तिका)

भगवान परशुराम केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, बल्कि वह चेतना हैं जो शास्त्र और शस्त्र के समन्वय से समाज को संतुलित करने का संदेश देती है। प्रायः जनमानस में उनकी छवि एक 'अत्यधिक क्रोधी' ऋषि की रही है, लेकिन यदि उनके जीवन के अनछुए पहलुओं और उनकी तेजोमय प्रवृत्ति का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाए, तो वे एक महान समाज सुधारक, कुशल रणनीतिकार और पर्यावरण प्रेमी के रूप में उभरते हैं। उनके व्यक्तित्व में शास्त्र और शस्त्र का अद्भुत समन्वय परिलक्षित होता है।

भारतीय सांस्कृतिक चेतना में कुछ ऐसे व्यक्तित्व हैं जो केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि विचार, साहस और संतुलन के जीवंत उदाहरण भी हैं। भगवान परशुराम ऐसा ही एक अद्वितीय चरित्र हैं। जहाँ तप और ताप, करुणा और क्रोध, ज्ञान और युद्धकौशल का विलक्षण संगम दिखाई देता है। वे केवल भगवान विष्णु के छठे अवतार भर नहीं, बल्कि समय की अन्यायपूर्ण प्रवृत्तियों के विरुद्ध खड़े होने की सशक्त चेतावनी भी हैं।

परशुराम का जीवन सामान्य धार्मिक आख्यानों से कहीं अधिक व्यापक है। वे ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे, अर्थात जन्म से ही एक ओर तपस्या और दूसरी ओर मयार्दा का संस्कार उनमें रचा-बसा था। किंतु जो उन्हें विशिष्ट बनाता है, वह है उनका द्वंद्वपूर्ण व्यक्तित्व। वे एक ब्राह्मण होते हुए भी अद्वितीय योद्धा रहे। यह द्वैत ही उन्हें विलक्षण बनाता है, क्योंकि वे यह संदेश देते हैं कि कर्म और धर्म की सीमाएँ परिस्थितियों के अनुरूप पुनर्परिभाषित की जा सकती हैं।

परशुराम जी की विलक्षण प्रतिभा का सबसे बड़ा प्रमाण उनका 'ब्रह्म-क्षत्र' स्वरूप है। उनके जीवन का उद्देश्य संहार नहीं, बल्कि परिष्कार था। उन्होंने शस्त्र का प्रयोग तभी किया जब शास्त्र की मयार्दा खंडित होने लगी। उनकी यह विशिष्टता हमें सिखाती है कि शक्ति के बिना ज्ञान असुरक्षित है और ज्ञान के बिना शक्ति निरंकुश।



परम आदरणीय परशुराम जी की सामाजिक समरसता और अनछुए पहलूओं पर प्रकाश डालें तो हमें पता चलता है कि उन्होंने न केवल आततायी राजाओं का अंत किया, बल्कि समुद्र को पीछे हटाकर नई भूमि (कोंकण और केरल का क्षेत्र) को कृषि योग्य बनाया। उन्हें 'भारत का प्रथम महान इंजीनियर' कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। जातिगत बंधनों से परे उन्होंने ज्ञान और कौशल को जन्म की परिधि से बाहर निकाला। सूतपुत्र कर्ण को शिष्य स्वीकार करना उनकी इसी व्यापक दृष्टि का परिचायक था, जहाँ वे योग्यता को सर्वोपरि मानते थे। अस्त्र-शस्त्र का लोकतंत्रीकरण कर उन्होंने शस्त्र विद्या को केवल राजकुलों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जन-सामान्य और योग्य पात्रों तक पहुँचाया ताकि समाज अपनी रक्षा स्वयं कर सके।

परशुराम के जीवन का एक अनछुआ पहलू उनका अंतर्द्वंद्व है। अक्सर उन्हें केवल क्रोध और प्रतिशोध के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, विशेषकर क्षत्रियों के विरुद्ध उनके अभियानों के संदर्भ में। किंतु यदि गहराई से देखा जाए तो उनका यह संघर्ष व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन की पुनर्स्थापना का प्रयास था। जब सत्ता अहंकार में बदल जाए और शस्त्र धर्म की रक्षा के बजाय अत्याचार का साधन बन जाए, तब परशुराम जैसे व्यक्तित्व आवश्यक हो जाते हैं। एक और महत्वपूर्ण बात उनके जीवन चरित्र से जुड़ी है कि वह गुरु-परंपरा और शिष्य परंपरा के पारंगत रहे। उन्होंने भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महायोद्धाओं को शिक्षा दी। यह तथ्य उनके व्यक्तित्व के उस पक्ष को उजागर करता है जहाँ वे केवल विनाशक नहीं, बल्कि निर्माणकर्ता भी थे। उनके भीतर का गुरु समाज को दिशा देने वाला था, जो आने वाली पीढ़ियों को शौर्य और नीति का पाठ पढ़ाता है।

भगवान परशुराम की तेजोमय प्रवृत्ति और कठोर अनुशासन अन्याय के विरुद्ध एक सात्विक विद्रोह था। उनका फरसा (परशु) अन्याय के उन्मूलन का प्रतीक है। उनकी तेजोमय प्रवृत्ति का अर्थ उग्रता नहीं, बल्कि उस सत्य के प्रति निष्ठा है जो किसी भी मोह या लोभ से विचलित नहीं होती। उन्होंने अपने पिता की आज्ञा के पालन में जो कठोरता दिखाई, वह कर्तव्यबोध की पराकाष्ठा थी, जो बाद में उनके तप के कारण ही पुनर्जीवन के वरदान में बदली। परशुराम की तेजोमय प्रवृत्ति का एक और आयाम उनका त्याग है। उन्होंने पृथ्वी को जीतने के बाद उसे स्वयं के लिए नहीं रखा, बल्कि ऋषियों को दान कर दिया। यह घटना उनके वैराग्य और निस्वार्थ भाव का प्रमाण है। आज के भौतिकवादी युग में यह दृष्टांत अत्यंत प्रासंगिक है, जहाँ अधिकार के साथ त्याग का संतुलन आवश्यक है। शक्ति का उपयोग तभी सार्थक है जब वह न्याय और धर्म की स्थापना के लिए हो।

वर्तमान युग में परशुराम जी की गाथा अनुकरणीय एवं प्रासंगिकता से परिपूरित लगती है। आज के दौर में, जब नैतिक मूल्य क्षीण हो रहे हैं और शक्ति का दुरुपयोग बढ़ रहा है, परशुराम जी का चरित्र एक प्रकाश स्तंभ है। वे हमें सिखाते हैं कि अन्याय को सहना भी उतना ही बड़ा अपराध है जितना अन्याय करना। साथ ही शक्ति का संचय सदैव लोक-मंगल के लिए होना चाहिए। उनके अनुसार व्यक्ति को हमेशा अपनी जड़ों (संस्कृति) से जुड़ा होना चाहिए, चाहे वह कितना ही आधुनिक या शक्तिशाली क्यों न हो जाए।

भगवान परशुराम का व्यक्तित्व असीमित है। वे अजेय और अमर (चिरंजीवी) माने जाते हैं, जिसका अर्थ है कि उनके विचार और आदर्श समय की सीमा से परे हैं। वे न्याय के पक्षधर और धर्म के रक्षक हैं। आज आवश्यकता उनके क्रोध से डरने की नहीं, बल्कि उनके चरित्र की गहराई को समझकर समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध 'परशु' उठाने की है। वास्तव में, परशुराम होना अनुशासन, शौर्य और त्याग की उस अग्नि में तपने जैसा है, जो स्वर्ण की भांति समाज को कुंदन बना देती है। मनुष्य को परिस्थितियों के अनुरूप अपने भीतर के विविध गुणों को जागृत कर देता है। वे केवल एक पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। जहाँ न्याय, साहस, संयम और त्याग का अद्भुत समन्वय है। आज जब समाज अनेक प्रकार के असंतुलनों से जूझ रहा है, तब परशुराम का अनुकरण हमें न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि एक स्पष्ट दिशा भी प्रदान करता है।

## संवेदनाओं का सेल्फी स्टिक

अविनाश एक प्रोफेशनल 'इंपैथी ब्लॉगर' था। उसका काम था– दुनिया के दुख को 4के क्वालिटी में दुनिया के सामने पेश करना। एक दिन शहर के चौक पर एक बूढ़ा आदमी भूख से बेहोश होकर गिर पड़ा। अविनाश वहां पहुंचा, पर उसने बूढ़े को उठाने के बजाय अपनी 'सेल्फी स्टिक' निकाली और 'एंगल' सेट करने लगा। उसने अपने फॉलोअर्स से कहा, दोस्तों, आज मैं आपको 'वास्तविक भारत' की भूख दिखाऊंगा। देखिए, इन झुर्रियों में कितना 'कंटेंट' छिपा है। बूढ़े ने कांपते हाथों से अविनाश का पैर पकड़ा और फुसफुसाया, बेटा... पानी। अविनाश चिल्लाया, अरे बाबा, थोड़ा 'नेचुरल' रहिए! ये 'पानी-पानी' बोलकर वीडियो का 'मूड' खराब मत कीजिए। बस एक बार कैमरे की तरफ देखकर थोड़ा और 'बेबस' महसूस कीजिए। भीड़ जमा हो गई, पर हर हाथ में एक स्मार्टफोन था। कोई 'लाइव स्ट्रीम' कर रहा था, तो कोई 'सैड म्यूजिक' के साथ रील बना रहा था। तभी एक छोटा बच्चा अपनी बोतल लेकर आगे बढ़ा, तो अविनाश ने उसे धक्का दे दिया– हटो! फ्रेम खराब हो रहा है। जब बूढ़े की सांसें थम गईं, तो अविनाश ने एक विजयी मुस्कान के साथ 'अपलोड' बटन दबाया। दस मिनट में उसके वीडियो पर एक लाख 'हार्ट' इमोजी आ गए। कॉमेंट्स में लोग लिख रहे थे– सो सैड, हृदयविदारक, मानवता मर गई है। अविनाश ने अपनी गाड़ी स्टार्ट की और अगले 'दुख' की तलाश में निकल पड़ा। उसे अपनी रूह के मरने का गम नहीं था, उसे गम था कि 'अपलोड' के दौरान इंटरनेट की स्पीड थोड़ी कम क्यों थी। उस रात अविनाश को नींद नहीं आई, क्योंकि किसी ने कॉमेंट किया था कि बूढ़े का चेहरा 'फोकस' में नहीं था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 20 अप्रैल 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:06 सूर्यास्त 18:46
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - तृतीया 07:28 उपरांत चतुर्थी 04:15 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - रोहिणी 02:07 उपरांत मृगशिरा
योग - सौभाग्य 16:10 उपरांत शोभन
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 02 तारिख

**मेष-** नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृषभ-** कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। धनार्जन होगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।

**मिथुन-** मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**कर्क-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्विंद्विता में वृद्धि होगी।

**सिंह-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या-** आय में निश्चितता रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**तुला-** व्यक्ति की बातों में न आएं। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक-** पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित

**धनु-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मकर-** दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**कुंभ-** व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मीन-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## जय जय अक्षय तृतीयाः





जय जय अक्षय तृतीया, अक्षय तिथि अक्षय तृतीया।
अक्षय दिन अक्षय तृतीया, अक्षय पर्व अक्षय तृतीया।
बूझो ना किसी से अबूझ मुहरत है अक्षय तृतीया।
जय जय अक्षय तृतीया, जय जय अक्षय तृतीया।
नष्ट कभी ना होता है, क्षय कभी ना होता है।
इस दिन के सब कर्मों का फल अक्षय होता है।
इसे आखातीज के नाम से भी जाना जाता है।
वैशाख शुक्ल तृतीया को पर्व मनाया जाता है।
बूझो ना किसी से अबूझ मुहरत है अक्षय तृतीया।
जय जय अक्षय तृतीया, जय जय अक्षय तृतीया।
जिस दिन श्रीगणेश ने महाभारत लेखन का श्रीगणेश किया था।
वो तिथी है अक्षय तृतीया, वो दिन है अक्षय तृतीया।
बांके बिहारी चरण कमल के दर्शन जिस दिन होते हैं।
वो पर्व है अक्षय तृतीया, वो त्यौहार है अक्षय तृतीया।
इस दिन सबकुछ अक्षय होता है जिसने जो किया।
बूझो ना किसी से अबूझ मुहरत है अक्षय तृतीया।
जय जय अक्षय तृतीया, जय जय अक्षय तृतीया।
सतयुग समाप्ति की तिथी है अक्षय तृतीया।
और त्रेता युग प्रारंभ तिथी है अक्षय तृतीया।
परशुराम भगवान का जन्म दिवस है अक्षय तृतीया।
दान पुण्य धन क्रय करने का दिन है अक्षय तृतीया।
बूझो ना किसी से अबूझ मुहरत है अक्षय तृतीया।
जय जय अक्षय तृतीया, जय जय अक्षय तृतीया।



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

## अक्षय तृतीया (कुंडलिया छंद)

आई शुभ बैशाख में, पावन अक्षय तीज।
तिथि अति महत्वपूर्ण ये, कहते आखातीज।।
कहते आखातीज, पुण्य कर्मों का मेला।
दान-धर्म की तीज, कटें दुःखों का रेला।।
सत्य कहे आनंद, घड़ी अक्षय सुख लाई।
पुण्यों का हो लाभ, तीज अद्वितीय आई।। (1)
मंगलकारी ये घड़ी, है वरदानी साज।
नूतन गृह प्रवेश करें, विवाह शुभादि काज।
विवाह शुभादि काज, खरीदें चाँदी-सोना।
व्यापार प्रगतिशील, समृद्धशाली सलोना।।
सत्य कहे आनंद, खास मुहूर्त शुभकारी।
बढ़ता हैं सौभाग्य, तीज ये मंगलकारी।। (2)
अक्षय सुख पाजाइए, खुशियों से भरपूर।
लक्ष्मी जी की हो कृपा, मुखमंडल पर नूर ।।
मुखमंडल पर नूर, बढे.व्यापार मुनाफा।
प्रतिदिन पाए आप, दुआओं भरा लिफाफा।।
सत्य कहे आनंद, करें सब पापों का क्षय।
शुद्ध भाव सत्कर्म, तीज फलदाई अक्षय।। (3)



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# अक्षय तृतीया पर्व ही नहीं, अर्थव्यवस्था का गतिशील चक्र



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

देश में अक्षय तृतीया पर्व आस्था ही नहीं अर्थव्यवस्था से जुड़ा पर्व है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं होते, बल्कि वे सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी गति देते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है अक्षय तृतीया, जिसे हिंदू और जैन परंपराओं में अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त के विवाह, गृह-प्रवेश, और विशेष रूप से सोना-चांदी खरीदने की परंपरा है। यही परंपरा इसे केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना देती है।

अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी में अचानक वृद्धि होती है। ज्वेलरी उद्योग, जो पहले से ही भारत में मजबूत है, इस दिन अपनी सालाना बिक्री का बड़ा हिस्सा अर्जित करता है। इससे न केवल आभूषण कारोबारियों को लाभ होता है, बल्कि खनन, आयात, परिवहन और रिटेल जैसे जुड़े हुए क्षेत्रों में भी गतिविधियां तेज हो जाती हैं।

यह पर्व खासतौर पर ग्रामीण भारत में भी गहरी पैठ रखता है। किसान इस दिन को नई फसल, बीज बोने या कृषि निवेश के लिए शुभ मानते हैं। इससे कृषि क्षेत्र में नकदी का प्रवाह बढ़ता है और स्थानीय बाजारों में लेन-देन तेज होता है। अक्षय तृतीया पर सोने की खरीद को लोग निवेश के रूप में भी देखते हैं। भारतीय परिवारों में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में माना जाता है। इस प्रकार यह पर्व उपभोग और निवेश– दोनों को एक साथ बढ़ावा देता है, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।

अब समय के साथ अक्षय तृतीया का स्वरूप भी बदल रहा है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डिजिटल गोल्ड जैसी सुविधाओं ने इस पर्व को नई दिशा दी है। ऑनलाइन खरीदारी से बाजार का दायरा बढ़ा है और छोटे शहरों तक भी इसकी पहुंच आसान हो गई है। अक्षय तृतीया केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक मिनी-इकोनॉमिक बूस्टर की तरह काम करता है। यह पर्व परंपरा और आधुनिकता के संगम के साथ मांग, निवेश और व्यापार को गति देता है। इसलिए अक्षय तृतीया को केवल पूजा और शुभ कार्यों तक सीमित करके देखना अधूरा होगा–यह वास्तव में देश की अर्थव्यवस्था के चक्र को गतिमान रखने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**अर्थव्यवस्था का सुनहरा संगम-** 'अक्षय अर्थात जो कभी क्षय न हो–यानी इस दिन किया गया पुण्य, दान या निवेश अनंत फलदायी माना जाता है। यही कारण है कि इस अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी केवल एक धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक-आर्थिक परंपरा भी बन चुकी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष कृपा मानी जाती है। सोना-चांदी, जो समृद्धि और स्थायित्व के प्रतीक हैं, इस दिन खरीदे जाएं तो घर में सुख-समृद्धि का स्थायी वास होता है–ऐसी जनमान्यता है। यही विश्वास पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता आया है और आज भी उतना ही प्रासंगिक है।लेकिन इस परंपरा का एक अहम आर्थिक पक्ष भी है। भारत जैसे देश में, जहां सोना केवल आभूषण नहीं बल्कि एक सुरक्षित निवेश का माध्यम भी है, अक्षय तृतीया जैसे अवसर बाजार में नई ऊर्जा भरते हैं। ज्वैलरी उद्योग, छोटे कारीगर, खुदरा व्यापारी–सभी के लिए यह दिन व्यापारिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होता है।

**20 अप्रैल आखातीज वर्षीतप पारणा दिवस**

# वर्षीतप पारणा का प्रथम आहार इक्षू रस का बड़ा महत्व



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

गन्ना प्रकृति की एक अनुपम भेंट है, और इसका रस किसी वरदान से कम नहीं। जैन समाज में वर्षीतप का तप बडा. माना गया है, यह तप वर्ष भर, करीब 13 महीने की अवधि होती है, होने के बाद पूर्ण होता है, इस तप में एक दिन उपवास एक दिन बयासना (केवल दो टाइम खाना) किया जाता है । प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया को गन्ने के रस इक्षू रस से इस तप का पारणा करवाया जाता है। गन्ने के रस का बड़ा महत्व होने के कारण इस दिन देश में लगभग 15000 चर्खियो से 10000 से अधिक स्थानों पर डेढ़ लाख वर्षीतप का पारणा करने वालों को इक्षू रस से पारणा कराया जाता है। यह प्रथम आहार माना गया है। इस वर्षीतप के आयोजन में करीबन 7.30 लाख व्यक्तियों का समावेश होता है। हजारों स्थान पर पारणा स्थलों के अलावा अन्यत्र गन्ने की चर्खियां चलती है, और तपस्वी भाई बहनों के साथ जैन लोग इसका आनंदित होकर सेवन करते हैं। इस वर्ष 20 अप्रैल , 2026 को वर्षीतप तप के पारणा हो रहे हैं । गन्ने के रस के सेवन से अनेक बीमारीयो जैसे नेत्रज्योति, कब्ज, गैस, अफरा, बदहजमी आदि से मुक्ति या राहत मिलती है , किंतु इसके अत्यधिक सेवन से शरीर को नुकसान भी हो सकता है।

गर्मी के मौसम में गन्ने का रस एक ऐसा शीतल पेय पदार्थ है जिसे बच्चे, युवा, वृद्धजन सभी चाहे वह गरीब हो या अमीर हर वर्ग व हर उम्र का व्यक्ति इसका लुफ्त उठाना चाहता है। गन्ने का रस मीठा, स्वादिष्ट तथा अत्यंत गुणकारी होता है, इसके सेवन से व्यक्ति शरीर के अंग-अंग में शक्ति, स्फूर्ति और ताजगी महसूस करने लगता है। गर्मी में सबसे सस्ता, अच्छा व पोष्टिक पेय पदार्थ गन्ने के रस के अलावा शायद ही कोई ओर हो सकता है। गन्ने के रस में प्रोटीन, विटामिन-ए, बी 1, बी 2, बी 4, काबोर्हाइड्रेट, वसा एवं अनेकों अनेक खनिज लवण आदि मौजूद रहते हैं। इन खनिजों में आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम सोडियम आदि भी पर्याप्त मात्रा में मिलती है । जो कि हमारे शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक है।

गन्ने के रस का सेवन करने से अनेक बीमारियों में राहत मिलती है , जिसमें प्रमुख निम्नलिखित हैः-

- पेट संबंधी रोग जैसे कब्ज, अफरा, जलन, बदहजमी आदि होने पर गन्ने के रस में नींबू और अदरक का रस मिलाकर पीने से लाभ होता है।
- गन्ने के रस का सेवन पथरी को गलाने में सहायक है।
- गन्ने का रस पीने से रक्त साफ होता है।
- गन्ने के रस में विटामिन ए होने की वजह से नेत्र ज्योति में फायदा होता है।
- यूरिन में जलन होने पर गन्ने का रस लाभदायक होता है
- गर्मी में लू लगने पर गन्ने के रस का सेवन लू से बचाव में सहायक होता है
- कैल्शियम की प्रचुरता होने की वजह से गन्ने के रस के सेवन से दांत और हड्डियां मजबूत होती है।
- अतिसार की शिकायत होने पर एक छोटे गिलास गन्ने के रस में बराबर मात्रा में अनार का रस मिलाकर दिन में 2 से 3 बार सेवन करने से लाभ होता है।
- गन्ने का रस शक्तिवर्धक और पाचक होता है। इसके सेवन से भोजन अपेक्षाकृत जल्दी पचता है।
- गन्ने के रस का सेवन करने से पेट की गर्मी तथा सीने की जलन दूर होती है।
- गन्ने का रस हमेशा चरखी में निकला हुआ ही पीना चाहिए और वह भी शुद्ध होना चाहिए, अन्यथा अच्छी साफ सफाई के अभाव में लाभ के स्थान पर इससे हानि भी हो सकती है।

इन निम्न बीमारियों से ग्रस्त लोगों को गन्ने का रस नहीं पीना चाहिएः-

- मधुमेह के रोगी को गन्ने का रस नहीं पीना चाहिए।
- गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग व चार वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गन्ने का रस नही पीना चाहिए।
- जो लोग रक्त पतला करने वाली दवा का सेवन कर रहे हो, उन्हें भी गन्ने का रस नहीं पीना चाहिए।
- कमजोर पाचन तंत्र वाले लोग जिन्हें अक्सर अपच या दस्त की समस्या होती है उन्हें भी गन्ने का रस नहीं पीना चाहिए।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,300, रवा- 1,53,200 चांदी- टंच- 2,45,500 पाट- 2,45,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## तौल कांटे पर 30 किलो का फर्क आने पर किसान बिफरे

**खाचरोद।** नगर के कृषि उपज मंडी के सामने तोल काटे पर किसान की ट्रैक्टर ट्राली का वजन में 30 किलो कम आने को लेकर किसान परेशान हो गए। किसानो द्वारा लापरवाही वी मिली भगत से भ्रष्टाचारी का आरोप लगाकर रोड पर चक्काजाम कर सड़क पर आ गए। स्थिति की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धन सिंह नलवाया मौके पर आकर किसानों से बात की गई। किसानों ने बताया कि एक ट्राली से 30किलो के मान से 200 ट्राली से लगभग 600 क्विंटल से लगभग 12 से 18 लाख रु की काला बाजारी की जारी है। बार बार किसानो के साथ धांधलिया किसके कहने से तोल काटे वाला कर रहा है। कोई अधिकारी मंडी का यहां आने को तैयार नहीं किसानो की फसल का सीधे सीधे नुकसान हो रहा है। सरकार व्यापारीयो को फायदा के रही हैं और किसानों को लूट रही है।

## वैशाख अमावस्या पर गोमहिमा सत्संग आयोजित, गौसेवा का संदेश



**सुसनेर।** सालरिया गो अभ्यारण्य में प्रतिमाह आयोजित होने वाले अमावस्या सत्संग के क्रम में वैशाख अमावस्या पर गोमहिमा सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत रविन्द्रानंद सरस्वत महाराज के श्रीमुख से गोकथा का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में गोभक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गोकथा के दौरान महंत ने वैशाख अमावस्या के धार्मिक महत्व को विस्तार से बताते हुए गौसेवा को प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य बताया। उन्होंने कहा कि गौसेवा को श्रद्धा और पूज्य भाव से करना चाहिए। साथ ही शुद्ध आहार के अभाव को मानव में अहंकार और पतन का कारण बताते हुए वर्तमान परिस्थितियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अमावस्या के अवसर पर भोजन प्रसाद के यजमान लालसिंह सालरिया रहे। इस दौरान उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपनी अंतिम सांस तक गोअभ्यारण्य में आयोजित होने वाले अमावस्या सत्संग हेतु प्रतिमाह 10,151 रुपये की राशि सहयोग स्वरूप प्रदान करेंगे। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे संत स्वामी दिगंबर विश्वम्भरगिरि महाराज सहित भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह गुंदलावदा, कालुसिंह सालरिया, विक्रमसिंह सरखेड़ी, कालुसिंह लोधाखेड़ी, मदनसिंह कलारिया एवं डॉ. मांगीलाल बड़िया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव, भाव-विभोर हुए भक्त

**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम छोटा पालड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कथा वाचक निकिता श्याम प्रिया ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और झांकी प्रस्तुत की गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रीकृष्ण जन्म के समय मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ उत्सव मनाया। इस मौके पर ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और धर्म लाभ अर्जित किया।



## 3 साल से फरार स्थाई वारंटी को बोड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं वसूली वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बोडा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 3 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट ब्यावरा राजगढ के प्रकरण क्रमांक 141/2023 धारा 379, 201, 34 भादवि के प्रकरण में जारी स्थाई वारंटी रोहन उर्फ सोहन पिता सागर कड़ियासासी पिछले 3 वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु कई प्रयास किए गए, किंतु उसकी शातिर प्रवृत्ति के कारण वह पुलिस गिरफ्त से बचता रहा। थाना प्रभारी बोडा ने एक विशेष टीम बना कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सूचना प्राप्त होते ही वारंटी ग्राम कडियासासी में छिपा था, पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया।



**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

ड्यूटी के साथ पर्यावरण सेवा: CISF जवान ने निभाया पक्षी मित्र अभियान

# सुसनेर से उठी पहल पहुंची जम्मू-कश्मीर, जवान ने लगाया पक्षियों के लिए जल पात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला पक्षी मित्र अभियान अब सीमाओं को पार करते हुए देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच रहा है। सुसनेर के निवासी एवं CISF जवान आशीष सोलंकी ने अपनी ड्यूटी के साथ-साथ इस सामाजिक दायित्व को निभाते हुए जम्मू-कश्मीर में पक्षियों के लिए जल पात्र स्थापित कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जानकारी के अनुसार सुसनेर क्षेत्र में चल रहे पक्षी मित्र अभियान से प्रेरित होकर आशीष सोलंकी जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में पदस्थ हैं। सोलंकी के द्वारा हजारों किलोमीटर दूर रहकर भी अपने क्षेत्र की इस मुहिम को आगे बढ़ाना उनके समाज के प्रति जुड़ाव और संवेदनशीलता को दर्शाता है।गर्मी के मौसम में जब तापमान लगातार बढ़ रहा है और प्राकृतिक जल स्रोत सूखते जा रहे हैं। तब पक्षियों के सामने पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में जल पात्र रखना उनके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होता है। शिक्षक मनोज सोनी पिछले कई वर्षों से पक्षी मित्र अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वे हर वर्ष गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर जल पात्र रखकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ग्रुप बनाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ते हैं। आशीष सोलंकी ने बताया कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान से जुड़े और इससे प्रेरणा लेकर उन्होंने भी इस कार्य को अपनी जिम्मेदारी का हिस्सा माना।

उन्होंने कहा कि देश सेवा के साथ-साथ प्रकृति और जीव-जंतुओं की सेवा करना भी हमारा कर्तव्य है। इस अभियान के तहत सुसनेर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी लगातार जल पात्र रखे जा रहे हैं और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को बस स्टैंड स्थित सरस्वती शिशु विघा मंदिर स्कूल में आचार्य परिवार द्वारा जल पात्र लगाया गया।

# अग्रवाल धर्मशाला के समीप कूड़े-कचरे के ढेर में लगी आग, हादसा टला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित अग्रवाल धर्मशाला के समीप कूड़े-कचरे के ढेर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि यदि समय पर फायर ब्रिगेड को नहीं बुलाया जाता तो आग बेकाबू होकर आसपास के मकानों को अपनी चपेट में ले लेती। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल धर्मशाला के समीप और आनंद लॉज के सामने पुराना खंडहर हो चुके मकान के प्लॉट जो आजकल कूड़ेदान में तब्दील हो गया शहर के मध्य खाली पड़े इस प्लांट में गन्ने की दुकानो के संचालकों द्वारा खाली प्लाट में कूड़ा कचरा डाल दिया जाता है भीषण गर्मी के चलते आज उक्त कूड़े कचरे ने अचानक आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग चारों ओर फैलने लगी तभी प्रत्यक्षदर्शियो ने प्रशासन को सूचना दी तत्काल फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों और बब्लू बाल्मीकि घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल आग पर काबू पाया लिया और बड़ी घटना होने से टल गई।

## कक्षा 10वीं के छात्र अनुज पुष्पद जिला स्तर पर सम्मानित

**सारंगपुर।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं परीक्षा में जिले में टॉप करने वाले विद्यार्थियों का शुक्रवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मान किया गया। इसमें सारंगपुर के शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र अनुज पुष्पद को भी सम्मानित किया गया। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला द्वारा विद्यालय संचालक रमेशचंद्र जोशी की उपस्थिति में कक्षा 10वीं में 99.2 फीसदी अंक अर्जित कर मध्य प्रदेश प्रावीण्य सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर सारंगपुर के छात्र अनुज केसरसिंह पुष्पद को सम्मानित करते हुए स्वागत किया। कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बडा अस्त्र है, जिसके सही उपयोग से जीवन का भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल जीवन का पहला महत्वपूर्ण पडाव होता है।

## 3 मंजिला मकान में लगी आग, झुलसने से बुजुर्ग की मौत

**देवास।** शहर के व्यस्त तीन बत्ती चौराहा क्षेत्र में शनिवार शाम एक तीन मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में ऊपरी मंजिल पर रखा सामान जलकर खाक हो गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं आग की चपेट में आने से 70 वर्षीय बुजुर्ग नफीस शाह झुलस गए थे। जिन्होंने इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग मकान की ऊपरी मंजिल से शुरू हुई, जहां बड़ी संख्या में गद्दे, फर्नीचर और अन्य सामान रखा हुआ था। देखते ही देखते लपटें तेज फैल गई। धुएं का गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, हालांकि तब तक स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था।कुछ देर में फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।



# कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

शासकीय उमावि कचनारिया का कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100% रहा।

कक्षा दसवीं में वर्तमान में 24 विद्यार्थी दर्ज थे सभी 24 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रथम श्रेणी में 11 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं द्वितीय श्रेणी में 7 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल 26 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें से 25 विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर 95.45% परीक्षा परिणाम रहा जिसमें से अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तुरंत हुए एवं चार विद्यार्थी को 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा लैपटॉप खरीदने हेतु 25000 की राशि प्रदान की जाएगी

एवं कक्षा 12वीं में विद्यालय में प्रथम आने वाले एक छात्र एवं छात्र को स्कूटी प्रदान की जाएगी जिसमें कक्षा 12वीं में कुमारी प्रवीणा पिता विक्रम मालवीय एवं छात्र महेंद्र पिता गोवर्धन सिंह स्कूटी विनर रहे

स्कूल का श्रेष्ठ परिणाम आने पर प्राचार्य प्रेम नारायण कथा द्वारा सभी शिक्षकों को मोती की माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया एवं उन्हें प्रोत्साहित किया गया शासकीय उमावि कचनारिया का प्रतिवर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम विगत 5 वर्षों से 100% या 100% के लगभग आ रहा है यहां के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं समर्पण भाव से विद्यालय के प्रति सेवा भाव से विद्यार्थियों का अध्यापन करवाते हैं एवं प्रतिवर्ष 100 प्रतिशत परिणाम आता रहे इसके लिए विद्यालय में नियमित रूप से सभी शिक्षक उपस्थित रहते हैं एवं बच्चों का अध्यापन मेहनत एवं ईमानदारी से करते हैं सभी शिक्षक एवं शिक्षकों को ग्राम वासियों, ग्राम पंचायत कचनारिया ने शुभकामनाएं दी।

सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों सम्मान समारोह में बोली प्राचार्य

# शिक्षा अज्ञानता को दूर कर, राष्ट्र के समग्र विकास में भूमिका निभाती है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



शिक्षा जीवन का आधार स्तंभ है, जो ज्ञान, कौशल, और आत्मविश्वास प्रदान कर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। यह न केवल करियर के बेहतर अवसर और आर्थिक स्थिरता लाती है, बल्कि निर्णय लेने की क्षमता, नैतिकता, और सामाजिक जागरूकता भी विकसित करती है। शिक्षा अज्ञानता को दूर कर, राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह उद्गार शनिवार को स्थानीय निजी शैक्षणिक संस्था सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित कक्षा दसवीं परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों सम्मान समारोह में बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्य सुमिता विजयर्गीय ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह दसवीं का पहला बैच था जिसमें 12 विद्यार्थी थे। इनमें से 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में यह परीक्षा पास करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों को उनके पालकों के साथ विद्यालय में आमंत्रित किया गया। स्कूल में बुशरा मंसूरी पिता साजिद खान 92.4 फीसदी अंकों के साथ टॉपर रहीं। पृथ्वी चौहान पुत्र घनश्याम चौहान एवं जूबिया मिर्जा अयाज बेग मिर्जा क्रमशः 91.4 फीसदी तथा 90.4 फीसदी के साथ दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त सुनिधि गिरजे, मोहम्मद जैद एवं महरीन मंसूरी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। माधव सोनी, मोहम्मद मुफीज एवं शाबरीन ने भी प्रथम श्रेणी में यह परीक्षा पास की। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में मौजूद समाजसेवी विकास विजयवर्गीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा आपको व्यावसायिक प्रशिक्षण, तकनीकी कौशल और विशिष्ट ज्ञान प्रदान करती है, जिससे आप रोजगार योग्य बनते हैं। यह विविध रोजगार अवसरों के द्वार खोलती है। उच्च शिक्षित लोगों के पास बेहतर करियर विकल्प चुनने का अवसर होता है। शिक्षा आपको उच्च वेतन वाली नौकरी पाने में सक्षम बनाती है। शिक्षा आपको वित्तीय रूप से साक्षर बनाती है और आपके वित्त को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद करती है। नौकरी आपको आर्थिक स्वतंत्रता देती है और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करती है। इससे आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढाता है। समारोह का संचालन देवयानी विजयवर्गीय द्वारा किया गया। समारोह में विद्यालय प्राचार्या सुमिता विजयावर्गीया, विजयवर्गीय, अतुल जोशी एवं डॉ दिव्या जोशी उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत: वाहन चालक फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

जिले के नेवरी क्षेत्र के ग्राम सिरसौदा में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

मृतक की पहचान केसर सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह रोज की तरह पास के गांव में मजदूरी कर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे के बाद केसर सिंह का शव शनिवार रात को ही जिला अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।



## 1000 सकोरे वितरण गीता भवन न्यास समिति बड़नगर

बड़नगर। गीता भवन न्यास समिति द्वारा विगत 15 वर्षो से प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पक्षीयो को शीतल जल मिल सके हस हेतु 1000 सकोरो का वितरण किया जाता आ रहा हैं। इसमें सभी नगर वासी गीता भवन से सकोरे ले कर अपने अपने घरो की छतो पर रख कर पक्षीयो के लिये प्रतिदिन जल भर कर रखते है। जिससे तेज गरमी में अमुक पक्षीयो को ठंडा जल मिल सके। इसी कड़ी में आज गीता भवन में सकोरे वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर सभी को निःशुल्क सकोरे वितरीत किये गये। संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने जनता से अपिल की है कि जो भी अपने घरो की छत पर बागीचे मे खुले मेदान में पक्षीयो को पिने के पानी के सकोरे रखना चाहते है वे गीता भवन से निःशुल्क सकोरे लेजा सकते है। साथ ही पक्षीयो के खाने हेतु ज्वार, गेहु, चावल, मक्का आदि के दाने रखे जिससे पक्षीयो को पानी के साथ खने के लिये भी मिल सके। गीता भवन न्यास समिति द्वारा आज सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालीकाओ व महिलाओ को सकोरे वितरीत कर सकोरे वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जानकारी मेनेजर संजय कुमावत ने दी।

न्यायाधीशों का स्थानांतरण:

## अधिवक्ताओं ने बिदाई समारोह आयोजित दी विदाई, स्वागत किया



**सारंगपुर।** अभिभाषक संघ सारंगपुर द्वारा स्थानांतरित हुए न्यायाधीशगणों का विदाई समारोह का आयोजन किया। विगत दिवस न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए न्यायाधीश राहुल सिंह, चित्रेंद सिंह सोलंकी, पल्लवी बंसल को भाव पूर्ण समारोह में बिदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक संघ सारंगपुर अध्यक्ष पीएस मंडलोई ने की। बिदाई समारोह में सभी अधिवक्ता गणों ने न्यायाधीश गणों को पुष्प माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। न्यायाधीश राहुल सिंह व अन्य न्यायाधीशों ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सारंगपुर को सदैव याद रखेंगे। यह की बार अधिवक्ता गणों का कार्य व्यवहार अच्छा है। ऐसी बार के अधिवक्ताओं के साथ कार्य करने का मौका मिला ये हमे सदैव याद रहेगा। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिंह मंडलोई ने किया एवं आभार अभिभाषक संघ के सचिव राकेश पच्चीसिया ने माना।

पटारिया धाकड़ उपार्जन केंद्र का अवलोकन

## किसानों फसल बेचने में कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाए



**सारंगपुर।** सारंगपुर अनुविभाग क्षेत्र में 29 केंद्रो पर रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी चल रही है। भाजपा नेता और कार्यकताओं ने क्षेत्र के विभिन्ना उपार्जन केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाएं देख रहे है। शनिवार को वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन ने अनुविभाग के पटाडिया धाकड़ उपार्जन केंद्रा का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने किसानों का स्वागत किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाजपा नेताओं ने किसानों से संवाद भी किया। जैन ने किसानों से चर्चा की और केंद्र पर पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो और उन्हें समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिले। हमारी सरकार ने इस बार खरीदी व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उपार्जन केंद्रों पर किसान मोर्चा के पदाधिकारी खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर किसानों का स्वागत कर चुके है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि खरीदी प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी न हो।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी कन्हेयालाल पिता रत्ताजी जाति - कीर निवासी ग्राम कंडारिया तहसील उज्जैन जिला उज्जैन से कृषि भूमि सर्वे कंमाक 201/3/1 कुल किता 1 कुल रकबा 0.7000 हेक्टेयर स्थित ग्राम कंडारिया तहसील उज्जैन जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंधं पत्र भूपेन्द्र कोटवानी पिता जवाहर लाल कोटवानी निवासी 56 अलखधाम नगर उज्जैन द्वारा भूमि स्वामी से किया गया था उक्त अनुबंध पत्र के आधर पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का कय करने का सौदा कर, सौदा चिट्ठी पत्रक किया जाकर बयाना राशि अदा कर दी हैं। अब शेष विक्रय धन राशि अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र. व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक, पेढी, शासन आदि का कोई ऋण, भार, बकाया, लेनदारी आदि हो अथवा कृषि भूमि के संबंध में कोई विवाद हो या कृषि भूमि के विक्रय के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा आपत्ति रखे। बाद मियाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जायेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध बंघन कारी नहीं होगी। सूचित हो।

**जय जायसवाल हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-ग्राम नरवर तहसिल व जिला उज्जैन**
**मो. 8109700647**

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए मनाया सतर्कता दिवस

**शाजापुर।** अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन और विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने रविवार को सतर्कता दिवस मनाया। बाल विवाह निषेध अधिकारी और आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से चले इस अभियान में 2030 तक जिले को पूरी तरह बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। ऑर्गनाइजेशन? के निदेशक राम रघुवंशी ने बताया कि जन जागरूकता के कारण अब लोग खुद आगे आकर बाल विवाह की सूचनाएं दे रहे हैं। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत नाबालिग की शादी करना गंभीर अपराध है। इसमें केवल परिजन ही नहीं, बल्कि सेवाएं देने वाले पंडित, मौलवी, हलवाई, टेंट, मैरिज गार्डन और बैंड-बाजा वालों को भी अपराध में शामिल मानकर दो साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। शहर में लोगों को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल

**शाजापुर।** सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी गांव स्थित वेयरहाउस के सामने एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। डायल 112 के पायलट देवेंद्र सिंह डोडिया और आरक्षक क्रमांक 205 मोहन दागी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने बिना समय गंवाए घायल को तुरंत अपने वाहन से ही सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। पुलिस जवानों की इस तत्परता से घायल को समय पर इलाज मिल सका और उसकी जान बच गई। फिलहाल अस्पताल में घायल का उपचार जारी है और पुलिस टक्कर मारकर भागने वाले वाहन की तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक घायल के बेहोश होने से उसका नाम पता नहीं लग सका।

## पशु चिकित्सा एंबुलेंस और बाइक में जोरदार भिड़ंत

**शाजापुर।** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम टिगरिया के पास रविवार दोपहर एक पशु चिकित्सा एंबुलेंस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। हादसे की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में घायल युवक की पहचान सरसोदिया निवासी मुकेश के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। दुर्घटना में मुकेश के सिर और पैर में गहरी चोटें आई हैं, जहां फिलहाल उसका इलाज जारी है। एंबुलेंस चालक का कहना है कि उसके द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई।

## टब में डूबकर 2 साल की बच्ची की मौत

**मोहनलालगंज।** नगराम थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव में रविवार को बाथरूम में पानी से भरे टब में डूबने से 2 साल की बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने घटना की पुलिस को जानकारी नहीं दी। दोपहर में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार, गढ़ा गांव के टेढ़िया मोहल्ला निवासी मजदूर सोनू रावत की सबसे छोटी बेटी तान्या रविवार सुबह करीब आठ बजे घर के बाथरूम में खेल रही थी। उस समय परिवार के अन्य सदस्य बरामदे में चाय पी रहे थे। बच्ची की मां रसोई में काम कर रही थी। बताया गया कि खेलते-खेलते तान्या बाथरूम में रखे पानी से भरे टब के पास पहुंच गई। वह टब में रखे एक गिलास को धोने लगी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। वह मुंह के बल पानी से भरे टब में गिर गई। कुछ देर तक किसी को इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। काफी समय बीतने के बाद जब बच्ची नजर नहीं आई, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाथरूम में पहुंचने पर तान्या को टब में अचेत अवस्था में पाया गया। परिजनों ने तत्काल बच्ची को लेकर नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची के पिता सोनू रावत ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें बड़ी बेटी तीन वर्षीय आन्या और छोटी दो वर्षीय तान्या थी। देर शाम को मामले की जानकारी हुई तो पुलिस को बच्ची के घर जांच के लिए भेजा गया।

## कानपुर-पिता ने जुडवां बेटियों की हत्या की

**कानपुर।** कानपुर में रविवार तड़के 45 साल के पिता ने अपनी 11 साल की जुड़वां बेटियों की हत्या कर दी। पिता ने कमरे में बेटियों का गला रेत दिया। फिर लाश के पास ही बैठा रहा। खुद पुलिस को कॉल किया। बोला- मैंने अपनी बच्चियों को मार डाला है। आप लोग आ जाइए। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो दरवाजा बंद था। पुलिस ने घंटी बजाई तो पत्नी ने दरवाजा खोला। पुलिस देखकर पत्नी घबरा गई। पूछा- क्या हो गया? तब पुलिस ने पति के कॉल वाली बात बताई। पत्नी भागते हुए पति के कमरे में पहुंची तो देखा बच्चियों के खून से लथपथ शव फर्श पर पड़े थे। पिता शशि रंजन मिश्रा लाशों के बगल में बैठा था। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया।

# पोलायकलां की देवांशी ने पहना मिस दिल्ली का ताज

## किसान की बेटी अब मिस इंडिया में दिखाएगी जलवा

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



कहते हैं कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या विशेष संसाधनों की मोहताज नहीं होती; अगर हौसलों में उड़ान हो, तो छोटे कस्बों से भी आसमान छुआ जा सकता है। इसी बात को सच साबित कर दिखाया है शाजापुर जिले के छोटे से नगर पोलायकलां की बेटी देवांशी पालीवाल ने। एक किसान परिवार में जन्मी देवांशी ने अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास के दम पर मिस दिल्ली का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। अब वह आगामी 61वीं फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में दिल्ली राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देश भर की सुंदरियों को टक्कर देंगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद से ही पोलायकलां सहित पूरे जिले में जश्न का माहौल है।

मिस दिल्ली के मंच तक का सफर देवांशी के लिए आसान नहीं था। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और अटूट आत्मविश्वास के बलबूते प्रतियोगिता के कई कठिन चरणों को पार किया। रैंप पर उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति, अद्वितीय प्रतिभा और शानदार संवाद कौशल (कम्युनिकेशन स्किल्स) ने निर्णायकों (जजेस) को खासा प्रभावित किया। इन्हीं खूबियों के आधार पर उन्होंने अन्य मजबूत प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया। परिजनों का कहना है कि देवांशी बचपन से ही अपने बड़े लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित रही हैं।

### अब भुवनेश्वर में होगा महामुकाबला


देवांशी का अगला पड़ाव अब ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर है, जहां 61वीं फेमिना मिस इंडिया का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की महाप्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से चुनी गईं 30 सर्वश्रेष्ठ सुंदरियां मिस इंडिया के ताज के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। देवांशी इस समय अंतिम चरण की तैयारियों में पूरे जी-जान से जुटी हुई हैं। उनका कहना है कि मिस दिल्ली का खिताब तो बस एक शुरुआत है, असली लक्ष्य मिस इंडिया बनकर देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना है। देवांशी की इस जीत को अंचल के लोग सिर्फ एक प्रतियोगिता की जीत नहीं, बल्कि युवा सपनों की उड़ान मान रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि एक छोटे से कस्बे से निकलकर देश की राजधानी का प्रतिनिधित्व करना पूरे जिले के लिए असीम गौरव का विषय है। देवांशी की यह सफलता अब क्षेत्र की अन्य बेटियों और युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन गई है।

### किसान के घर जश्न, बधाई देने वालों का लगा तांता

देवांशी एक साधारण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता शशि मोहन पालीवाल एक किसान हैं, जबकि माता उषा पालीवाल एक कुशल गृहिणी हैं। बेटी के सिर पर मिस दिल्ली का ताज सजने की खबर जैसे ही पोलायकलां पहुंची, नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके निवास पर नागरिकों, मित्रों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। अपनी इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय देवांशी ने अपने माता-पिता के त्याग और गुरुजनों के निरंतर मार्गदर्शन को दिया है।

## भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव आज

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



भगवान श्री परशुराम प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में नगर में इन दिनों धार्मिक उत्साह चरम पर है। सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं परशुराम सेना के तत्वावधान में आयोजित यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं का जीवंत स्वरूप बनकर सामने आ रहा है। अक्षय तृतीया के अवसर पर सोमवार को प्रात: 9 बजे श्री परशुराम चौराहा पर ध्वजा पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके बाद समाजजन भगवा ध्वज के साथ सप्तऋषि भवन पहुंचेंगे, जहां भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। पूरे नगर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक वातावरण का संचार रहेगा।

मंगलवार, 21 अप्रैल को महर्षि गौतम आश्रम रेलवे गेट के पास पर आदि शंकराचार्य जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सनातन परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। इधर, 1 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं व्यंजन मेला आयोजित होगा। इसमें वर्ष 2024, 2025 और 2026 में 10वीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के साथ खेल व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। 2 मई को दोपहर 2 बजे भव्य वाहन रैली एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। हनुमान मंदिर, रायकनपुरा से प्रारंभ होकर यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शुजालपुर मंडी पहुंचेगी, जहां से शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण कर समापन पर आरती व प्रसादी का आयोजन होगा। उत्सव को लेकर नगर में व्यापक उत्साह है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों से सहभागिता का आह्वान किया है। जानकारी गंगाधर शर्मा सचिव, सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं रामानुज समाधिया जिला अध्यक्ष, परशुराम सेना ने दी।

## 92 जोड़े दांपत्य बंधन में बंधे 1 जोड़े का कराया निकाह

**गुना।** जिले के जनपद पंचायत गुना अंतर्गत ग्राम पंचायत विनायकखेड़ी में दिनांक 19 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का गरिमामय एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 92 जोड़ों का विवाह तथा 01 जोड़े का निकाह विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न कराया गया।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह/निकाह समारोह में जिले के विभिन्न प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। यह आयोजन समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है, जो न केवल सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करता है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों के विवाह का अवसर प्रदान करता है। इस पावन अवसर पर सभी ने 93 नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल, सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। नवदम्पत्तियों के चेहरे पर झलकती खुशी और उनके परिवारजनों की प्रसन्नता इस आयोजन की सार्थकता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य उपस्थित रहे। उनके साथ धर्मेन्द्र सिकरवार (जिला अध्यक्ष), चंद्रप्रकाश अहिरवार (जिला महामंत्री), संतोष धाकड़ (जिला सदस्य एवं जिला महामंत्री), मुनेश धाकड़ (मण्डल अध्यक्ष), अंकुर श्रीवास्तव (मीडिया प्रभारी), संजीव धाकड़ (जनपद सदस्य), श्रीमती सुकली बाई (सरपंच, विनायकखेड़ी) एवं वीर सिंह धाकड़ (पूर्व सरपंच, विनायकखेड़ी) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विवाह की सभी रस्में पंडित शास्त्री ललित शर्मा द्वारा विधिवत एवं श्रद्धापूर्वक सम्पन्न कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा आगंतुकों एवं अतिथियों के लिए भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की गईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शाजापुर में पोस्टर वार से गरमाई सियासत

## सांसद ने राहुल गांधी को बताया वांटेड, तो पूर्व विधायक ने चिपका दिया गुमशुदा का पोस्टर

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

सियासत में शब्दों के तीर जब सोशल मीडिया के मंच से चलते हैं, तो विवाद की गूंज दूर तक सुनाई देती है। शाजापुर में रविवार को कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब वांटेड के तंज का जवाब गुमशुदा के पोस्टर से दिया गया। देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व कालापीपल के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी के बीच छिड़ी इस डिजिटल जंग ने जिले की शांत राजनीति में अचानक उबाल ला दिया है। सोशल मीडिया पर शुरू हुए इस %पोस्टर वार% ने दोनों ही खेमों के समर्थकों को आमने-सामने ला खड़ा किया है।

**यूं सुलगी विवाद की चिंगारी**-इस सियासी घमासान की शुरुआत रविवार को तब हुई, जब सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वांटेड बताते हुए एक पोस्टर जारी किया। सांसद ने राहुल गांधी पर नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर देश में भ्रम फैलाने और दोहरी राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया। राजनीतिक तंज कसते हुए उन्होंने इस पोस्टर पर व्यंग्यात्मक लहजे में यह भी लिखा- आखिरी बार तीर चलाते हुए देखा गया।




**गुमशुदा के पोस्टर से कांग्रेस का पलटवार**-सांसद का यह पोस्ट जैसे ही सार्वजनिक हुआ, कांग्रेस ने भी आक्रामक रुख अपना लिया। पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने तुरंत जवाबी हमला बोलते हुए अपने फेसबुक पेज पर सांसद सोलंकी का (गुमशुदा) पोस्टर जारी कर दिया। चौधरी ने तीखे शब्दों में हमला बोलते हुए लिखा कि जो सांसद खुद अपने संसदीय क्षेत्र से गायब है और किसानों के विरोध के डर से छिपा बैठा है, वह राहुल गांधी को वांटेड बता रहा है। चौधरी ने इस पोस्टर के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की कि क्षेत्र की जनता और किसान अपने सांसद को ढूंढ रहे हैं।

**अब समर्थकों ने संभाला डिजिटल मोर्चा**-दिग्गज नेताओं के बीच शुरू हुई यह लड़ाई अब उनके समर्थकों के बीच फैल चुकी है। दोनों दलों के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की पोस्ट शेयर कर तीखी बहस और आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शाजापुर-देवास क्षेत्र में आगामी समय में यह राजनीतिक टकराव और भी आक्रामक हो सकता है। फिलहाल, इस पोस्टर वार ने जिले के राजनीतिक पारे को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

## तेज गर्मी का असर, शुजालपुर में पारा 41 डिग्री पार

**शुजालपुर।** नगर में गर्मी ने अपना तीखा रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह से ही तेज धूप के चलते सड़कों पर आवाजाही कम रही और दोपहर के समय बाजारों में आवागमन कम रहा। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बाहर निकलना मुश्किल रहा। शाम के समय मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला। आसमान में आंशिक बादल छाने से तापमान में थोड़ी राहत महसूस हुई। हालांकि उमस बढ़ने से लोगों को पूरी राहत नहीं मिल सकी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.**

क्रमांक / 1151-1 / स्टोर / 2026 शाजापुर, दिनांकः- 17.04.2026

**// ई-निविदा आमंत्रण-सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र.जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2026_UAD_500311_1 15-04-2026 | वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एवं पीआईसी/परिषद की बैठक में चाय-नाश्ता एवं भोजन पैकेट क्रय करने बाबत। | 01. 07 दिन 02. 5.00 (लाख) | 01. 2,000 02. 5000 | 21.04.2026 05:30 PM |
| | 2026_UAD_500317_1 15-04-2026 | वर्ष 2026-27 के लिए एग्रीकल्चर, हार्डवेयर व सेनिटेशन सामग्री के लिए निविदा । | 01. 30 दिन 02. 25.00 (लाख) | 01. 5,000 02. 18750 | 14.05.2026 05:30 PM |
| | 2026_UAD_500318_1 15-04-2026 | वर्ष 2026-27 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लगने वाली लाईट व साउण्ड व्यवस्था हेतु निविदा। | 01. 30 दिन 02. 25.00 (लाख) | 01. 5,000 02. 18750 | 14.05.2026 05:30 PM |
| | 2026_UAD_5000328_1 15-04-2026 | वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न प्रकार की बुक रजिस्टर फार्म आदि छपवाना हेतु निविदा। | 01. 30 दिन 02. 10.00 (लाख) | 01. 2,000 02. 10000 | 14.05.2026 05:30 PM |
| | 2026_UAD_500329_1 15-04-2026 | वर्ष 2026-27 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लगने हेतु टेन्ट सामग्रियों की आवश्यकता हेतु निविदा। | 01. 30 दिन 02. 70.00 (लाख) | 01. 10,000 02. 52500 | 14.05.2026 05:30 PM |
| | 2026_UAD_500362_1 15-04-2026 | वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न प्रकार की विद्युत स्ट्रीट लाईट रिपेयरिंग एवं फीटींग सामग्री निविदा फार्म मे दिये गए स्पेसिफिकेशन एवं कम्पनी बजाज, सूर्या, फिलिप्स, क्रोम्पटन, हेवल्स, पोलिकेबल आरआर केबल, फिनोलेक्स, कोना, एन्कर, मोदि, श्रीनाथ, उषा, खेतान, ओरिएन्ट एवं समकक्ष अन्य कम्पनियों की सामग्री निविदा प्रपत्र में आवश्यक विवरण के अनुसार क्रय करने हेतु निविदा। | 01. 30 दिन 02. 50.00 (लाख) | 01. 5,000 02. 37500 | 14.05.2026 05:30 PM |

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर — पं.संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर — (भुवनेश्वरीदेवी-सतीश राठौर) सभापति, सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिका परिषद शाजापुर — भूपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर

क्रमांक / 1151-2 / स्टोर / 2026 शाजापुर,दिनांकः- 17.04.2026

### परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा का ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने किया भव्य स्वागत

**गुना।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल यानी शाम के समय हुआ था और इस वर्ष 19 अप्रैल को प्रदोष काल में तृतीया होने के कारण अधिकांश पंचांगों में रविवार को ही जयंती मनाई जा रही है। सुबह गल्ला मंडी से प्रारंभ हुई शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई शहर के प्रमुख स्थानों से गुजरी। इस दौरान जानकी मेडिकल के पास ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज की गणमान्य महिलाओं की उपस्थिति रही। जिन्होंने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, ठंडाई एवं कोल्ड ड्रिंक का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विशेष संयोग भी बना, क्योंकि आज अक्षय तृतीया के साथ त्रिपुष्कर, गजकेसरी और मालव्य योग का शुभ संयोग रहा। मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्य और दान का अक्षय फल प्राप्त होता है, जिससे पर्व का महत्व और अधिक बढ़ गया है। भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है, जिन्होंने अधर्म और अत्याचार के खिलाफ धरती पर अवतार लिया। शास्त्रों के अनुसार वे अष्टचिरंजीवियों में से एक हैं और महेंद्र पर्वत पर आज भी तपस्या कर रहे हैं। मान्यता है कि कलयुग के अंत में वे भगवान कल्कि को अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा देंगे।

## शाजापुर के बेरछा में बारात के दौरान दो पक्षों में झड़प, 6 घायल

**शाजापुर।** जिले के बेरछा क्षेत्र में बारात निकलने के दौरान रास्ता देने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिसमें एक पक्ष के 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पांच थानों का अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच बेरछा बायपास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास से हिंदू समाज की बारात गुजर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक निकालने को लेकर बारातियों और वर्ग विशेष के ट्रक चालक के बीच विवाद हो गया। फरियादी रवि समोरा (32) की शिकायत के मुताबिक, ट्रक चालक शाहरूख शेख ने पहले गाली-गलौज की और फिर कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों के साथ लौटकर बारातियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें शाहरूख ने चाकू से सूरज भिलाला पर और राजू मिस्त्री ने अरिहंत जैन पर वार किया। घटना से आक्रोशित लोगों ने थाना परिसर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और गेट के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनका जुलूस निकालने की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और आक्रोशित भीड़ के बीच तीखी बहस भी हुई। मौके पर मौजूद एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय और थाना प्रभारी भरत किरार ने लोगों को समझाइश दी। सख्त कार्रवाई और जुलूस निकालने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में शाहरूख शेख, वसीम, पप्पू, राजू, इकरार, अनिश, सद्दाम मंसूरी, ताजउद्दीन और फखरूद्दीन के बेटे सहित कुल 9 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया गया है, जिन्हें सुरक्षा कारणों से अन्य थानों में रखा गया है।

## अवकाश के दिन बैठक का दबाव बना हादसे की वजह! एक पटवारी की मौत

**गुना/अशोकनगर।** जिले में शनिवार को पिपरई रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन पटवारी घायल हो गए, जिनमें चंदेरी निवासी पटवारी सचिंद्र बागवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं अरविंद रघुवंशी और सुखबीर रजक का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों पटवारी अवकाश दिवस पर आयोजित बैठक में शामिल होने पिपरई से जिला मुख्यालय जा रहे थे। इसी दौरान सीगोंन के पास एक लोडिंग वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा गंभीर होने के कारण एक की हालत मौके पर ही नाजुक हो गई, बाद में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद प्रदेशभर के पटवारी संवर्ग में आक्रोश देखा जा रहा है। गुना जिले में भी रविवार को राजकुमार दुबे, विश्वनाथ रघुवंशी, जागृतसिंह, सौरभ दुबे, देवेन्द्र रघुवंशी, मनीष श्रीवास्तव, संजय राजन, जिनेन्द्र जैन, दिनेश पटेलिया, पंकज भार्गव, शिवेन्द्र रघुवंशी, अर्पित श्रीवास्तव, जीतेन्द्र शर्मा आदि पटवारियों ने स्वतंत्रता पार्क में एकत्र होकर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पटवारी संघ गुना के जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह किरार ने कहा कि अवकाश दिवस में भी बैठकों का दबाव बनाए जाने से कर्मचारियों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है। उनका आरोप है कि शासन द्वारा सप्ताह में दो दिन अवकाश और तनाव कम करने के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर पालन नहीं हो रहा है।

## नपाध्यक्ष क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से

**मंदसौर ।** स्थानीय कालाखेत मैदान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के नेतृत्व में भव्य नपाध्यक्ष ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मेहुल सुनील जैन महाबली मित्र मंडल के सहयोग से 21 से 25 अप्रैल तक चलने वाली इस 5 दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिदिन डे-नाइट मैच खेले जाएंगे। टूनामेंट की तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कालाखेत खेल मैदान का सघन निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से चर्चा की और खेल मैदान की सफाई एवं बैरिकेडिंग के संबंध में नगर पालिका कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए मैदान पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।

## हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान राजस्थान के कोटा में मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे की रिपोर्ट शामगढ़ थाने पर फरियादी विनोद मेहर निवासी चौमेहला गंगधार जिला झालवाड़ (राज.) ने की है कि उसके पिता जुझारलाल (57) पिता रूपा मेहर को 6 मार्च को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिनकी कोटा में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

## विधायक ने नवनिर्मित हॉल और पेयजल टंकी का लोकार्पण

**नीमच।** सामाजिक एकजुटता और सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ग्वाल टोली स्थित श्री चंद्रवंशी ग्वाला (गवली) समाज ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। समाज परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक हॉल, भव्य मुख्य द्वार और नवनिर्मित पेयजल टंकी का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार द्वारा फीता काटकर किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक परिहार ने समाज के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा यह नवीन निर्माण कार्य समाज के सर्वांगीण विकास और सुविधा विस्तार की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस आधुनिक हॉल और बुनियादी सुविधाओं से आने वाले समय में सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों और अन्य आवश्यकताओं को एक सुदृढ़ आधार मिलेगा।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान के 100 दिन पूरे: जन आंदोलन बना स्वच्छता का संकल्प, अब 1 मई से प्रतिदिन होगा श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



आस्था की प्रतीक शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के संकल्प के साथ शुरू हुए 'शिवना शुद्धिकरण अभियान' ने रविवार को अपने गौरवमयी 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक पड़ाव पर मंदसौर के नागरिकों और श्रमदानियों में भारी उत्साह देखा गया।

रविवार सुबह बड़ी संख्या में शहरवासी नदी के तट पर एकत्रित हुए और सामूहिक श्रमदान के जरिए नदी से दो ट्रॉली प्लास्टिक, कचरा, गंदगी और तटों पर उगी गाजर घास को साफ किया। पिछले 100 दिनों के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि अब शिवना के स्वरूप में सकारात्मक और दृश्यमान परिवर्तन नजर आने लगा है, जिससे अभियान से जुड़े योद्धाओं और शहरवासियों के चेहरे पर संतोष की लहर है। इस विशेष अवसर पर शिवना तट पर एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें समाजसेवियों, पत्रकारों और शिवना योद्धाओं ने अभियान के प्रणेता एवं क्षेत्रीय विधायक श्री विपिन जैन का पुष्पहार और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक श्री जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण का यह कार्य अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक व्यापक जन आंदोलन बन चुका है जिसमें समाज के हर वर्ग ने अपनी आहुति दी है। उन्होंने घोषणा की कि यह शुचिता का कार्य यहीं नहीं रुकेगा। आगामी 1 मई 2026 से इस अभियान को और गति दी जाएगी और प्रतिदिन श्रमदान का सिलसिला शुरू होगा। उन्होंने मंदसौर की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि नदी को पूर्णतः स्वच्छ बनाने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और प्रति रविवार सुबह 7 से 9 बजे के बीच अपना श्रमदान सुनिश्चित करना होगा।

अभियान के 100वें दिन श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन के साथ अखिल भारतीय साहित्य परिषद के पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और महिला नेत्रियां प्रमुखता से शामिल रहीं। इस दौरान बी.आर नलवाया, नंदकिशोर राठौर, डॉ. उर्मिला तोमर, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, समाजसेवी हेमराज खाबिया, रफत पयामी, इष्टा भाचावत और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए धमनार और अमलावद के ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# रोटरी संस्थापक पॉल हैरिस के जन्मदिवस पर स्थाई जल मंदिर का हुआ कायाकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



रोटरी क्लब मंदसौर ने रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस के जन्मदिवस को सेवा की भावना के साथ मनाते हुए नगर के व्यस्ततम बस स्टैंड स्थित स्थायी जल मंदिर का हर्षनारायण कश्यप परिवार के सहयोग से अत्याधुनिक नवीन वाटर कूलर स्थापित कर पुनर्निर्माण कर उसे आमजन को समर्पित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र अग्रवाल एवं प्रकाश सिसोदिया द्वारा मां सरस्वती एवं रोटरी संस्थापक पॉल हैरिस के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर इस आधुनिक जल मंदिर के पुनः प्रारंभ होने से जनता को बड़ी राहत मिलेगी। पत्रकार श्री अग्रवाल और श्री सिसोदिया ने रोटरी क्लब की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्लब समाज की वास्तविक जरूरतों को पहचानकर समय-समय पर अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

स्वागत उद्बोधन देते हुए रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया कि इस स्थायी जल मंदिर का निर्माण वर्षों पूर्व जैन और कश्यप परिवारों के सहयोग से हुआ था, जिसका संचालन लंबे समय से पूर्व पार्षद संजय जैन (करनाखेड़ी) द्वारा किया जा रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. एस.एम. जैन के अनुरोध पर स्व. श्रीमती अमृता बाई कश्यप की स्मृति में हर्ष नारायण कश्यप परिवार ने इसका नवनिर्माण कराया है। रोटरी जिला 3040 के असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी ने नगरपालिका अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि शहर में अन्य स्थानों पर भी प्याऊ या जल मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु क्लब हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, प्रमोद कीमती, कनक पंचोली सहित रोटरी के अनेक सदस्य, दानदाता कश्यप परिवार के सदस्य आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव कपिल भंडारी ने किया एवं आभार सहसचिव अभय सोमानी ने व्यक्त किया।

## श्री परशुराम जन्मोत्सव पर हर्ष, उल्लास के साथ निकलीं

**नीमच।** अक्षय तृतीय एवं परशुराम भगवान जन्मोत्सव कार्यक्रम शहर के सकल ब्राह्मण समाज कल्याण समिति नीमच, सकल ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ एवं परशुराम मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में 19 अप्रैल को श्रद्धा, उल्लास के साथ आयोजन हुआ। 19 अप्रैल को दिनभर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में समाजजनों की सक्रिय भागीदारी की ।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5 बजे भगवान परशुराम के अभिषेक एवं आरती के साथ हुई। इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।सायंकाल 6 बजे महाआरती के बाद भव्य शोभायात्रा परशुराम मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों–अजमीढ़ चौराहा, जैन भवन चौराहा पहुंची।



## प्रधानमंत्री जी के राष्ट्र को संबोधन का सीधा प्रसारण नारी शक्ति ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ देखा-सुना

**रतलाम।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। इसमें उन्होने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास नहीं होने पर मातृ शक्ति से क्षमा मांगी और इस बिल को लेकर विपक्ष की नकारात्मक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री जी के संबोधन का रतलाम में नारी शक्ति ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ सीधा प्रसारण देखा। विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, इंदौर जिला ग्रामीण प्रभारी शैलेन्द्र डागा, उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित भाजपा के प्रदेश, जिला मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।

## इंदौर-लिंगमपल्ली एक्सप्रेस अब चर्लपल्ली तक चलेगी

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मण?डल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए, इंदौर रेलवे स्टेशन से संचालित होने वाली इंदौर लिंगमपल्ली एक्सप्रेस का विस्तार चर्लपल्ली तक किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 25 अप्रैल से इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 20916 इंदौर-चर्लपल्ली एक्सप्रेस इंदौर से 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले 14.15 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। इसी प्रकार, 26 अप्रैल से चर्लपल्ली से चलने वाली ट्रेन संख्या 20915 चर्लपल्ली- इंदौर एक्सप्रेस चर्लपल्ली से 20.45 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 15 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद स्टेशन पर भी ठहराव रहेगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है ।यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों के ठहराव, समय एवं ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की जानकारी भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर अवश्य देखें।

## न्यूज कालम



## जनगणना कार्य को लेकर तीन दिनों तक ट्रेनिंग लेंगे 90 कर्मचारी

**मन्दसौर।** आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मंदसौर में कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। कलेक्टर अदिति गर्ग के निदेर्शानुसार महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में मंदसौर नगर के सभी 40 वार्डों में तैनात होने वाले 90 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का यह द्वितीय चरण १९, 21 और 22 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कर्मचारियों को जनगणना की बारीकियों और डेटा संकलन के तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर अनिता चकोटिया एवं अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में मास्टर ट्रेनर दो अलग-अलग कक्षों में 45-45 कर्मचारियों के समूह को ट्रेनिंग दे रहे हैं। नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा इस पूरी कार्यशाला की व्यवस्था मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन और स्वास्थ्य अधिकारी हेमचन्द्र शर्मा की देखरेख में की गई है। इस कार्य में अजय मारोठिया, राजेन्द्र नीमा, मंगेश राव नवले सहित नगर पालिका के कई कर्मचारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में जुटे हुए हैं, ताकि वर्ष 2026 और 2027 में होने वाला जनगणना कार्य त्रुटिहीन रहे।

## विकास नगर 14/2 में निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ



**नीमच।** विकास नगर 14/2 स्थित *विकासेश्वर मंदिर परिसर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति द्वारा 8 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का दिनांक 19 अप्रैल से 26 अप्रेल तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त योग शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच जिला प्रभारी पुखराज साहू* द्वारा मोटापा, शुगर, अपचन ,घुटने का दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी, हृदय रोग, सर दर्द, थायराइड आदि रोगों के निवारण हेतु इंटीग्रेटेड योग अभ्यास कराया जा रहा हे ।योग शिविर के संयोजक श्रीमति मंजू छाबड़ा, राजेश जी जायसवाल, अजय कुमार जी ओझा द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

## विधायक परिहार ने लिया जैन संत मणिप्रभ सूरीश्वर जी का आशीर्वाद



**नीमच।** क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने आज जैन समाज के प्रतिष्ठित संत मणिप्रभ सूरीश्वर जी म.सा. के दर्शन कर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आत्मीय भेंट के दौरान विधायक ने संत श्री के सान्निध्य में कुछ समय बिताया और उनके मंगल प्रवचनों का श्रवण किया ।विधायक परिहार ने बताया कि संत श्री के प्रेरणादायी वचनों से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई, बल्कि समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को एक नई वैचारिक दिशा भी मिली। इस अवसर पर चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि संतों का मार्गदर्शन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और आपसी सद्भावना को प्रगाढ़ करने में मील का पत्थर साबित होता है। संतों के आशीर्वाद को जनसेवा के पथ पर शक्ति का स्त्रोत बताते हुए उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

# गांधीसागर के बैकवॉटर में मौत का करंट- मछलियों और मगरमच्छों के शिकार का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



गांधीसागर जलाशय के शांत पानी में बिजली का करंट दौड़ाकर जलीय जीवों का काल बनने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस और वन विभाग ने पदार्फाश किया है। ग्राम संजीत के मगरा क्षेत्र में संयुक्त टीम ने बड़ी दबिश देते हुए पश्चिम बंगाल के तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है।

ये आरोपी किराए के कमरे में बैठकर अंडरग्राउंड वायरिंग के जरिए नदी के पानी में हाई-वोल्टेज करंट छोड़ते थे, जिससे न केवल मछलियां बल्कि विशाल काय मगरमच्छ भी अपनी जान गंवा रहे थे।

जानकारी के अनुसार प्रशासनिक टीम को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि गरोठ, बसई और रामपुरा जैसे बैकवॉटर क्षेत्रों में मछली माफिया सक्रिय हैं। शनिवार रात जब टीम ने संजीत में छापेमारी की, तो रोंगटे खड़े कर देने वाली तकनीक सामने आई। आरोपी सुकांत सरकार, सुजान विश्वास और देवव्रत विश्वास ने अपने ठिकाने से नदी तक चोरी-छिपे तार बिछा रखे थे। मौके से ४ बड़ी बैटरियां, 3 यूपीएस/आईपीएस मशीनें और बिजली के तारों का जाल बरामद किया गया है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले दो महीनों से इसी तरह अवैध शिकार कर रहे थे।

करंट लगने से नदी में बड़ी संख्या में मछलियां और अन्य जलीय जीव मृत पाए गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि तलाशी के दौरान वन विभाग को नदी में मगरमच्छ भी मृत अवस्था में मिले हैं, जिनकी मौत का कारण यही करंट बताया जा रहा है। एसडीओपी कीर्ति बघेल के अनुसार, नाहरगढ़ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और गिरोह के अन्य संपर्कों की तलाश की जा रही है।

# जीव दया और सेवा के संकल्प के साथ मनाया आचार्य श्री का जन्म उत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



स्थानीय प्रतापगढ़ रोड स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में जैन सोशल ग्रुप मेन द्वारा पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वर जी म.सा. के 82 वर्ष पूर्ण कर 83वें वर्ष में प्रवेश के पावन अवसर पर जीव दया सेवा प्रकल्प के तहत गोवंश को हरे चारे का आहार कराया गया। श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थ धाम के प्रेरक गुरुदेव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य और धर्मप्रेमी एकत्रित हुए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जैन सोशल ग्रुप मेन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर ने कहा कि पूज्य गुरुदेव का जीवन करुणा और संयम का जीवंत संदेश है। उन्होंने जोर दिया कि गुरुदेव सदैव जीव मात्र के प्रति दया भाव रखने की प्रेरणा देते हैं, इसीलिए उनके जन्म उत्सव को किसी आडंबर के बजाय मूक प्राणियों की सेवा कर मनाया गया है। नाहर ने गोवंश की सेवा को भारतीय संस्कृति का मूल आधार बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस पुनीत कार्य में ग्रुप संयोजक संजय लोढा, पूर्व अध्यक्ष सतीश लोढ़ा, संजय जैन श्वेता, कमल कच्छारा, उज्जवल मेहता, अनिल संघवी, कुशल नाहर सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता की।


## कार्यालय नगर परिषद आलोट जिला रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/1219/2026 आलोट, दिनांक 18.04.2026

## ई-निविदा सूचना

श्री अनादिकल्पेश्वर महादेवजी मंदिर प्रांगण पर नगर परिषद आलोट के तत्वावधान में वैशाखी मनोरंजन मेला आयोजित होना है। मेले के दौरान मेला ग्राउण्ड तथा मंदिर परिसर में लाईट, टेंट तथा माईक साउण्ड आदि व्यवस्था किराये से करवाई जाना है। साथ ही मेले में मनोरंजन हेतु विविध गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाना है। अतः समस्त कार्यो हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **2026_UAD 501657_1** | श्री अनादिकल्पेश्वर महादेवजी मंदिर प्रांगण पर नगर परिषद आलोट के तत्वावधान में वैशाखी मनोरंजन मेला आयोजित करने के संबंध में | 07 दिवस | 2000 | 25.04.2026 |
| | | नोट-उक्त समस्त कार्य का विवरण नीजे दर्शाये अनुसार निकाय द्वारा नियत राशि में ही करना आवश्यक होंगे। अन्यथा निविदा निरस्त की जावेगी एवं दरें जीएसटी सहित प्रेषित की जावे। | 09.00 लाख | 9000 | |

| **विवरणः-** | |
|---|---|
| टेण्ट शामियाना | 01.30 लाख |
| विद्युत सज्जा एवं सार्पी लाईट, पाल लाईट सेटअप | 03.20 लाख |
| माईक एवं साउण्ड कम्पलीट | 01.50 लाख |
| **सांस्कृतिक कार्यक्रम-**<br>1. श्री खाटू श्याम की भजन संध्या<br>2- वृन्दावन के कलाकारों की सूची<br>3- लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम<br>4- अघोरी नृत्य एवं झांकी | 02.00 लाख |
| फ्लेक्स एवं पेम्पलेट प्रिंटिंग मोमेन्टो प्रमाण-पत्र | 50000/- |
| स्वागत द्वार एवं मंदिर की रंगाई पुताई मय मजदूरी मटेरियल सहित | 50000/- |

01- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की आरंभ दिनांक 18.04.2026 (सायं 11.00 बजे)
02- निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 25.04.2025 (शाम 05.30 बजे तक)
03- निविदा ओपन करने की दिनांक 27.04.2025 (दोप. 12.00 बजे तक)

**शर्तेः-** 1. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये http://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है।
2. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा उसके लिये पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
3- विद्युत व्यवस्था हेतु व वर्ग विद्युत ठेकेदारी लायसेंस की छाया प्रति जो वर्ष 2025 के लिये वैध है प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4- मेला परिसर पर मीटर लगाना टेस्ट रिपोर्ट देना तथा इन्सपेक्शन कराना ठेकेदार की जवाबदारी होगी।
5- मेला प्रांगण के एक दिवस पूर्व तथा मेला समाप्ति के दो दिवस तक सभी व्यवस्थाएं चालू रखना होगी।
6- सामग्री की टूट-फूट देख रेख आदि की समस्त जवाबदारी ठेकेदार की रहेगी।

**अध्यक्ष नगर परिषद आलोट** | **उपाध्यक्ष नगर परिषद आलोट** | **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद आलोट**


## भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई



**पिपलिया मडी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय सकल ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में 19 अप्रैल को फोरलेन स्थित टेकरी बालाजी के पास ब्राह्मण समाज का संस्कार केंद्र पर प्रात 9 बजे पंडित शिवनारायण नगर के आचार्यत्व में भगवान परशुराम की तस्वीर को माल्यार्पण कर सामूहिक यज्ञ किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सुत्राधार अक्षय कौशिक ने बताया कि श्रीमती लता पंकज शर्मा, श्रीमती रितु हर्षवर्धन शर्मा, श्रीमती अंगूर वाला हरीश भट्ट, पत्रकार बाबूलाल नागर शीतल शर्मा कमल शर्मा आदि यज्ञक लाभार्थी बने। यज्ञ के पश्चात भगवान परशुराम की आरती वह प्रसाद वितरणक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## दो-दिवसीय परिसंवाद लिखन्दरा संपन्न


**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय) में मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल के सहयोग से आयोजित दो-दिवसीय परिसंवाद लिखन्दरा का सफलतापूर्वक समापन हुआ।



## नवोदय विद्यालय में स्काउट-गाइड शिविर का द्वितीय दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न

**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित राज्य पुरस्कार स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का द्वितीय दिवस शनिवार को उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। दिनभर चले प्रशिक्षण सत्रों के पश्चात सायंकाल आकर्षक कैम्प फायर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम ने शिविर के वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. बृजभूषण पाटीदार ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए स्वच्छता, प्राथमिक उपचार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने मुख्य अतिथि का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण में हुआ। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान

## उत्कृष्ट रहा जॉय एकेडमी का परिणाम 10वीं में जरीन खान रही अव्वल



**शुजालपुर।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था जॉय किड्स एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक सभी ने उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जरीन खान ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं गणित संकाय में अनन्या जैन ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में भावना मेवाड़ा ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीव विज्ञान संकाय में स्वस्ति जैन ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्य एवं संचालिका रिंकू सोलंकी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो सका है।

## कुमारी शिवानी कराड़ा को सुयश

**बिछड़ौद।** प्रताप नगर घटिया जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता ईश्वर सिंह कराड़ा की सुपुत्री कुमारी शिवानी कराड़ा ने



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 में जीव विज्ञान समूह में 89.2% अंक अर्जित कर सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। ग्रामीण परिवेश में पली कुमारी शिवानी ने बगैर किसी कोचिंग के अतिरिक्त समय में घर पर ही अध्ययन को प्राथमिकता देते हुए निर्मल हायर सेकेंडरी स्कूल बिछड़ौद में अध्ययन करते हुए अव्वल अंक अर्जित किए हैं। गुरुजनों, स्वजनों एवं परिवारजनों में कुमारी शिवानी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्याप्त है। सभी ने बालिका को बधाई दी है एवं उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। जानकारी डॉ. ईश्वर शर्मा ने दी।

**कक्षा 10वी परीक्षा परिणाम**

## सेंट जोसॉफ के सितारों ने अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से प्राप्त किया नगर में प्रथम स्थान





**महिदपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नें दिनाँक 15.04.2026 को कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें नगर में स्थित सेंट जोसॉफ कॉन्वेंट सीनियर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। जिसमें विद्यार्थियों ने नगर में प्रथम स्थान मोक्षा जैन 97.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सोम्या उथरा 94 प्रतिशत, एवं तृतीय स्थान लक्षीता टक्कर 93.8 प्रतिशत, साथ ही अन्य विद्यार्थियों का प्रतिशत क्रमशः विभाश्री उथरा 93.2 प्रतिशत, मनस्वी मेहता 92 प्रतिशत, महेश्वरी आंजना 91.6 प्रतिशत, कृति जैन 91.6 प्रतिशत, समृद्धि सोनगरा 91.2 प्रतिशत , अभय बजाज 90.8 प्रतिशत, प्रान्जल ठाकुर 90.6 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबी थॉमस, उप प्राचार्य अनिष थॉमस के साथ-साथ शिक्षक/शिक्षिकाओं नें सभी छात्र/छात्राओं को हार्दिक बधाईयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं दी।

पीएमश्री शास.कन्या उमावि ब्यावरा का परीक्षा परिणाम निराशाजनक

# कतिपय शिक्षक अध्यापन कार्य की अपेक्षा शासकीय योजनाओं पर अधिक ध्यान देते

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा हाई-स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने के बाद कई शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों के होनहार विद्यार्थियों ने नगर, जिला एवं प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में यदि ब्यावरा शहर के पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का जिक्र ना किया जाए तो उक्त विद्यालय के साथ बड़ी ना इंसाफी होगी। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम पर एक यदि नजर दौड़ाई जाए तो हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 64 प्रतिशत रहा जो गत वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत कम रहा है वही हाई-स्कूल का परीक्षा परिणाम मात्र 45 प्रतिशत रहा है जो गत वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत कम रहा है। गणित विषय का परीक्षा परिणाम मात्र 23 प्रतिशत रहा है। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गिरते हुए परीक्षा परिणाम को देखते हुए कभी उक्त विद्यालय में तकरीबन 2600 छात्राएं अध्यनरत थी आज उनकी संख्या घटकर लगभग 1600 रह गई है। म.प्र सरकार उक्त विद्यालय पर लाखों रुपए खर्च कर रही फिर भी परीक्षा परिणाम निराशाजनक क्यों रहा क्या जिला प्रशासन इस पर कोई संज्ञान लेगा। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा इसका क्या कारण है ? उक्त विद्यालय में गैर-राजनैतिक संगठन से जुड़े कतिपय शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य की तुलना में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर अधिक ध्यान दिया जाता है। शासकीय नियमों को दरकिनार कर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त उक्त विद्यालय का प्रभारी शासकीय योजनाओं में इतने सक्रिय क्यों दिखाई देते हैं यह किसी से छुपा नहीं है। गैर राजनीति संगठन से जुड़े कतिपय शिक्षक सत्ताधारियों की मेहरबानी का लुफ्त उठा रहे वही नियमों को बलाय ताक में रखकर प्राचार्य से लेकर शाला विकास प्रबंधन समिति के प्रभारी तक सत्ताधारी मेहरबान है। राजगढ़ जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेड कार्यालय में कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला द्वारा अनेक विद्यालयो के होनहार छात्र-छात्राओ के द्वारा बोर्ड परीक्षा की प्राविण्य सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

## गुणमाला कंकरेचा उज्जैन की पुण्यतिथि पर विविध आहार सामग्री से गौ-श्वान-पंछी सेवा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



धमार्नुरागी-धर्मनिष्ठ-मृदुभाषी समाजसेविका-जीवदया प्रेमी-स्व.श्रीमती गुणमाला देवी धर्मपत्नी स्व.श्री सुगनचंद कंकरेचा जैन उज्जैन की द्वितीय पुण्यतिथि पर पुण्यशाली कंकरेचा परिवार उज्जैन के द्वारा श्री आदिनाथ ग्रुप महिदपुर के माध्यम से श्री गोपाल गौशाला झारडा कटन पर गौ माता को सर्वप्रथम तीन महामंत्र नवकार सुनाकर आहार सामग्री पशु आहार-हरा चारा - गेहूं की शुद्ध घी से चुपड़ी रोटी-आम- तरबूज-खरबूज-केला-ककड़ी-हरा धनिया- चवला फली से आहार कराया गया।

श्वानों को गेहूं की रोटी से आहार एवं पक्षियों को ज्वार दाने से आहार कराया गया।श्री आदिनाथ ग्रुप के चमन सोनी ने बताया कि जिस पुण्यात्मा की पुण्यतिथि पर जो गौ सेवा का कार्य किया जाता है जो आत्मा जी विदेह क्षेत्र में रहती है।उस आत्मा को आनंद भाव की अनुभूति होती है।घर परिवार में सुख शांति समृद्धि एवं पुण्य के उपार्जन का लाभ प्राप्त होता है।उज्जैन से पधारकर महिदपुर में जो जीवदया का गौ सेवा का अनुमोदनीय-अनुकरणीय-सराहनीय कार्य पुण्यशाली कंकरेचा परिवार के द्वारा किया गया उसकी आदिनाथ ग्रुप महिदपुर के द्वारा बहुत-बहुत अनुमोदना अनुमोदना की गई। संपूर्ण आयोजन के लाभार्थी राजेंद्र-अर्चना, सिद्धार्थ-अमीषा, आदित्य ऐवंत एवं समस्त कंकरेचा परिवार उज्जैन रहे।श्री आदिनाथ ग्रुप महिदपुर की ओर से शाल-माला-श्रीफल से लाभार्थी परिवार के श्री राजेन्द्र-अर्चना मास्टर ऐवंत का बहुमान जवाहर डोसी पीयूष,निलेश सोगानी,संजय सोनगरा,निलेश बच्छावत, पुखराज लुणावत,अंकुर मेहता,हर्ष गंधी, संयम कासलीवाल,अमन नाबरिया,अनंत डोसी,उज्जवल मेहता,मलय बोहरा,तिथि सोनगरा ने किया।लाभार्थी परिवार के राजेन्द्र कंकरेचा ने आदिनाथ ग्रुप के द्वारा गौ माता की आहार सामग्री की सुंदर व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित संचालन समय-समय के मौसम एवं ऋतु के हिसाब से गौ माता को उनके आहार सामग्री उच्च श्रेणी स्तर की उपलब्ध कराकर जो गौ सेवा की जाती है।गौ माता के प्रति स्नेह-प्रेम-वात्सल्य एवं समर्पण भाव रखने वाले आदिनाथ ग्रुप के ऊजार्वान सक्रिय सदस्यों की गौ सेवा के इस अनुमोदनीय-सराहनीय-प्रशंसनीय कार्य की पूरे आदिनाथ ग्रुप की कंकरेचा परिवार उज्जैन खूब-खूब अनुमोदना अनुमोदना करते हुए आभार व्यक्त करता है।

## बाईहेड़ा में पानी को लेकर विवाद, सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

गर्मी की शुरूआत के साथ ही पानी को लेकर विवाद के मामले सामने आने लगे हैं। शाजापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाईहेड़ा में पानी के नल और घर के सामने बैठने की बात को लेकर सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों गुटों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 17 अप्रैल की रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच की है। घटना के बाद पहले पक्ष की ओर से बाईहेड़ा निवासी 22 वर्षीय मनीष मालवीय अपनी मां गंगा बाई और भाई के साथ थाने पहुंचे। मनीष ने आरोप लगाया है कि सरपंच प्रतिनिधि कैलाश गोस्वामी और उनके बेटों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लकड़ी व हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस मारपीट में मनीष और उसकी मां को चोटें आई हैं। वहीं, इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि 48 वर्षीय कैलाश गिरी गोस्वामी ने भी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि पानी के नल को लेकर हुए विवाद में राहुल मालवीय और उसके अन्य साथियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस ने परिसीमन को लेकर सरकार की साजिश को नाकाम कर दिया-सादानी

**सारंगपुर।** कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की रक्षा की है। पुरे विपक्ष के साथ मिलकर परिसीमन को लेकर मोदी सरकार की साजिश को नाकाम कर दिया है। मोदी सरकार ने महिला आरक्षण कानून पर तीन साल तक कुछ नहीं किया और अभी दो दिन पहले ही एक नोटिफिकेशन जारी किया है। सरकार की मनमानी पर कांग्रेस ने रोक लगा दी। यह बात लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पास न हो पाने पर सारंगपुर नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष रुपल प्रमोद सादानी ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती से महिला आरक्षण के समर्थन में खडी हैं। पूरा विपक्ष एकमत है कि पहले वाला महिला आरक्षण बिल लागू होना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार ने जिस तरह से इसे पेश किया और लोकतंत्र के खिलाफ जैसी साजिश रची, हम उसका कभी भी समर्थन नहीं कर सकते।

विद्यालय के स्थापना समय से अब तक का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम

## कक्षा दसवीं में 97.5% एवं कक्षा 12वीं में 91% रिजल्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बिछड़ौद



शाउमावि बिछड़ौद का इस वर्ष का हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम अब तक का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहा। जिसमें कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97.5% रहा। प्राचार्य डॉ. ईश्वर शर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में से 70% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिसमें कक्षा 10वीं की छात्रा लक्ष्मी पिता मुकेश सोलंकी ने 89.4%, अंक अर्जित कर प्रथम स्थान और पूजा पिता गणेश बोड़ाना ने 88.4% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं हीरामणि पिता जितेंद्र जोशी ने 85.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का अब तक का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम लगभग 91% रहा। जिसमें सुमन पिता सुरेश मालवीय ने 89% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हांसिल करते हुए स्कूटी और लैपटॉप की पात्रता अर्जित की।

जबकि बालक वर्ग में आकाश पिता भंवरलाल राजावत ने 71% अंक प्राप्त कर स्कूटी की पात्रता हांसिल की। विद्यालय की बालिकाओं में सुमन पिता सुरेश मालवीय 89%, संध्या पिता सुरेश सिसौदिया87.6%, अर्पिता पिता राजेश प्रजापति 84.4%, दीक्षा पिता परमानंद शर्मा 82.8%, पूनम पिता किशोरसिंह चावड़ा78.2%, मोनिका पिता कचरुलाल प्रजापति ने 75.6% अंक प्राप्त कर लैपटॉप की पात्रता हांसिल की। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में पुनीता यादव, सीमासिंह, सरिता पाटीदार, शकील खान, सुभाषचंद्र वर्मा, मोनिका गोराना, बद्रीलाल कसुमरिया ने अपने अध्यापन विषय में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया जिसपर विभाग द्वारा सम्मानित किए जाएंगे। विद्यालय की इस महत्ती सफलता पर ग्राम पंचायत बिछड़ौद (खालसा) सरपंच प्रतिनिधि मुकेश चांदना सहित अन्य ग्रामीणजनों द्वारा विद्यालयीय स्टाफ सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण जनगणना एवं स्वगणना का प्रशिक्षण पूर्ण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर




जनगणना महारजिस्ट्रार एवं निदेशालय व जिला जनगणना अधिकारी निदेर्शानुसार जनगणना प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 तक संपादित किया जाना है। मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना किये जाने के संबंध में शासन निदेर्शानुसार दिनांक 16 अप्रेल से 18 अप्रेल 2026 तक नगर पालिका सभागृह में प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूर्ण किया गया, जिसमें शहरी क्षेत्र के पृथक-पृथक विभागों के 18 वार्डो के 57 ब्लॉको में मकान सूचीकरण कार्य हेतु नियुक्त 63 प्रगणको एवं 10 पर्यवेक्षको में से प्रथम चरण के तृतीय दिवस प्रशिक्षण में 31 प्रगणक व 5 सुपरवाईजर को फिल्ड ट्रेनर्स श्री कृष्णदास बैरागी व श्री भगवान सिंह मारू द्वारा पूर्णतः डिजीटल प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम प्रशिक्षण के अंतिम चरण मे उज्जैन से मास्टर ट्रेनर्स श्री डॉ संदीपजी नाडकर्णी, एवं श्री राजेन्द्र जी पुरोहित द्वारा भी प्रशिक्षणार्थियो से प्रशिक्षण के संबंध मे चर्चा कर दिशा निर्देश देते हुए स्वगणना के संबंध मे भी प्रगणको एवं पर्यवेक्षको को आवश्यक जानकारी प्रदान कि गई। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिनांक 21 अप्रेल से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जावेगा। उक्त प्रशिक्षण में सहायक चार्ज अधिकारी संजय श्रीवास्तव, मनमोहन राठौड, मनोज झाला, प्रियंका पंवार, कालु कनेरिया सहित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी जनगणना मंशाराम निंगवाल द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षको को निर्भीक होकर जनगणना के कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए नागरिको से जनगणना मे सहयोग प्रदान किये जाने एवं शासन द्वारा संचालित नवीन एप्प स्वगणना के माध्यम से अपनी जानकारी उपलब्ध कराये जाने की अपील की गई।



## प्रदेश मेरिट में आई शैली का सम्मान अखंड सेवा समिति ने किया आयोजन

**शुजालपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में शुजालपुर की मेधावी बेटियों ने एक बार फिर नगर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड की परीक्षा में संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा शैली नेमा पित अजय नेमा ने वाणिज्य संकाय में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। शैली की इस अभूतपूर्व सफलता पर नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था अखंड सेवा समिति द्वारा उनके निवास पर पहुँचकर बिटिया का भव्य सम्मान किया गया। समिति के सदस्यों ने शैली को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी मेधावी बेटियाँ समाज का गौरव हैं और अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणापुंज हैं। उल्लेखनीय है कि अखंड सेवा समिति वर्षों से रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है। बिटिया के सम्मान के दौरान समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति द्वारा मेधावी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य निरंतर किया जाता है। विगत कई वर्षों से समिति के सदस्य प्रति रविवार सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर सेवा का संकल्प निभा रहे हैं।

## सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का गुना में हुआ भव्य स्वागत



**गुना।** अल्पप्रवास पर गुना पधारे मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का गुना बायपास पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं एवं नागरिकों ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। मंत्री श्री सारंग के आगमन पर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा एवं जयकारों के साथ उनका स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष कृष्णानी, शेरा राजावत, देवकीनंदन सोनी, सरदार रंजीत सिंह, सतेंद्र सिकरवार, मुनेश धाकड़, विकास राठौर, अमित जाट, जगदीश नामदेव, भूपेंद्र सोलंकी, रोहन सेन, प्रदीप कुशवाह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## दिशा कारपेंटर 12वीं में 96.4 फीसद अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान



**सारंगपुर।** सारंगपुर जनपद के एक छोटे से गांव की बेटी दिशा कारपेंटर ने शासकीय विद्यालय में पढाई करते हुए कक्षा 12वीं (मैथ्स) से 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। दिशा की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत की सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत ने 26 जनवरी के राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान घोषणा की थी कि यदि गांव के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 10वीं या 12वीं के छात्र-छात्राएं जिले में टॉपर बनते हैं तो उन्हें एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। दिशा कारपेंटर ने अपनी मेहनत और लगन से इस घोषणा को साकार कर दिखाया। दिशा की इस सफलता पर गांव के वरिष्ठजन जनप्रतिनिधि एवं परिवारजनों ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं राजगढ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला द्वारा दिशा कारपेंटर को फूलमाला पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## महीम पाटीदार सीबीएसई 10वीं में प्राप्त 96.2 प्रतिशत अंक

**सारंगपुर।** सारंगपुर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी प्रोफेसर ए



आर पाटीदार के पोत्र महीम पाटीदार ने नगर एवं समाज का गौरव बढाते हुए 10वीं परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्र पाटीदार ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षक एवं माता-पिता को दिया।

## सबा मंसुरी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 95.2 फीसदी अंक



**सारंगपुर।** ग्राम भ्याना के समाजसेवी मुबारिक मंसुरी की पुत्री सबा मंसुरी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं में 95.2 फीसदी अंक हासिल उन माता-पिता परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। छात्रा ने कहा मेरी कामयाबी मे स्कूल स्टाफ व स्वजन का मार्गदर्शन अतुल्यनीय रहा।



भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत स्थिति में है और आगे भी तेजी की उम्मीद है। फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन के सर्वे में बेहतर एसेट क्वालिटी, मजबूत पूंजी और टरटए-रिटेल कर्ज मांग को इसकी वजह बताया गया। मौद्रिक नीति स्थिर रहने के संकेत हैं, जबकि सरकारी बैंक भविष्य को लेकर ज्यादा आश्वस्त दिख रहे हैं।

# रिपोर्ट:भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत, कर्ज की मांग बढ़ी




**नई दिल्ली।** भारत का बैंकिंग सेक्टर फिलहाल मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है। एक हालिया सर्वे के मुताबिक, बैंकों की हालत बेहतर हो रही है और आगे भी इसमें सुधार जारी रहने की उम्मीद है। इस मजबूती की वजह अच्छी एसेट क्वालिटी (कम खराब लोन), मजबूत पूंजी, और रिटेल व छोटे कारोबार (एसएमई) में बढ़ती कर्ज की मांग है। यह सर्वे फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन ने मिलकर किया है। इसमें बताया गया कि आने वाले समय में बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को लेकर माहौल सकारात्मक है। इसकी वजह मजबूत बैलेंस शीट और अर्थव्यवस्था में स्थिर गतिविधियां हैं।

सर्वे में यह भी कहा गया है कि मौजूदा मौद्रिक नीति (ब्याज दर से जुड़ी नीति) फिलहाल संतुलित है और इसमें बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है। हालांकि कुछ सहकारी बैंकों ने ब्याज दर में हल्की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। बैंकों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में कर्ज की मांग बढ़ती रहेगी, खासकर रिटेल और छोटे-मध्यम उद्योगों (MSME) से। सरकारी बैंक (PSB) भविष्य को लेकर ज्यादा भरोसेमंद नजर आ रहे हैं, क्योंकि उनकी एसेट क्वालिटी सुधरी है और कॉरपोरेट लोन में रुचि बढ़ रही है।

### किस बैंक की क्या स्थिति है?

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि निजी बैंक थोड़ा सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि विदेशी बैंक कॉरपोरेट सेक्टर में निवेश को लेकर संतुलित रुख अपना रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सेवा क्षेत्र जैसे रियल एस्टेट, वित्तीय सेवाएं, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन में बढ़ती गतिविधियों के कारण लोन की मांग मजबूत बनी रहेगी। करीब 46% लोगों का मानना है कि नॉन-फूड क्रेडिट ग्रोथ 11% से 13% के बीच रह सकती है।

### बैंकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या?

रिटेल लोन भी बैंकिंग सेक्टर के लिए एक मजबूत सहारा बना रहेगा। वहीं छोटे और मझोले उद्योगों (SME) के लिए लोन की मांग भी तेज रहने की उम्मीद है, क्योंकि इस सेक्टर में व्यापार बढ़ रहा है और सरकार भी इसे समर्थन दे रही है। हालांकि, बैंकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती साइबर सुरक्षा को लेकर है। ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल जोखिम तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे बैंकों को सावधान रहने की जरूरत है। यह सर्वे जनवरी से फरवरी 2026 के बीच किया गया, जिसमें कुल 24 बैंकों ने हिस्सा लिया, जिनमें सरकारी, निजी, विदेशी, छोटे वित्त और सहकारी बैंक शामिल थे।

# भारत में 13% घटी एलपीजी सिलिंडर की खपत, गैर-घरेलू गैस सप्लाई भी प्रभावित

पश्चिम एशिया तनाव का सीधा असर भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ा है। मार्च में एलपीजी खपत 13% घटकर 2.379 मिलियन टन रह गई। भारत 60% एलपीजी आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता है। सप्लाई बाधित होने पर सऊदी अरब और यूएई से आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे गैर-घरेलू और बल्क उपयोग में भारी गिरावट दर्ज की गई।

**नई दिल्ली।** भारत में रसोई गैस की खपत में मार्च महीने के दौरान तेज गिरावट दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटकर 2.379 मिलियन टन रह गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2.729 मिलियन टन थी। यह गिरावट पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और सप्लाई में बाधा के कारण आई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है। लेकिन इस क्षेत्र में तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से आने वाली आपूर्ति भी बाधित हुई, जिससे सरकार को होटल और उद्योगों जैसे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी ताकि घरेलू रसोई गैस सुरक्षित रहे। घरेलू एलपीजी सिलिंडर की खपत भी मार्च में 8.1 प्रतिशत घटकर 2.219 मिलियन टन रह गई। वहीं, गैर-घरेलू उपयोग में भारी गिरावट दर्ज की गई, जो लगभग 48 प्रतिशत तक कम हो गई। बड़े स्तर पर यानी बल्क एलपीजी की बिक्री में भी 75 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई।



### समझिए क्या कहता है आंकड़ा?

ऐसे में अब ये समझना ज्यादा जरूरी है कि भारत में सप्लाई को लेकर सरकार का स्टैंड क्या है और आंकड़ें क्या कहते हैं। इस बात को ऐसे समझिए कि प्रभावित हुई ऊर्जा सप्लाई के इतर भारत सरकार का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई सामान्य रही। हालांकि आंकड़े बताते हैं कि खपत में कमी आई है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने रिफाइनरियों को निर्देश दिया कि वे पेट्रोकेमिकल उत्पादन कम करके एलपीजी उत्पादन बढ़ाएं। इसके चलते घरेलू उत्पादन बढ़कर 1.4 मिलियन टन हो गया, जो पिछले साल 1.1 मिलियन टन था।

### लगातार बढ़ रही मांग, खपत की क्या है स्थिति?

बता दें कि पूरे वित्तीय वर्ष में एलपीजी की कुल खपत 6 प्रतिशत बढ़कर 33.212 मिलियन टन तक पहुंच गई, जो बताता है कि लंबे समय में मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत में लगभग कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया। वहीं पेट्रोल और डीजल की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई है, जिससे साफ है कि परिवहन क्षेत्र में मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है। कुल मिलाकर, पश्चिम एशिया के तनाव ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा असर डाला है और इसका सबसे बड़ा प्रभाव रसोई गैस की उपलब्धता और कीमतों पर देखा जा रहा है।

# केंद्र सरकार ने दो फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को मिलेगा फायदा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब डीए 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। निर्णय के अनुसार, यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद इसकी जानकारी दी।

**50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को मिलेगा फायदा:** इस फैसले का सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिलेगा। सरकार की इस घोषणा से लगभग 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ 69 लाख पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को फायदा होगा। इससे उनकी मासिक आय में बढ़ोतरी होगी और महंगाई के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। डीए बढ़ने से कर्मचारियों की मासिक सैलरी और पेंशन में सीधा इजाफा होगा। यह बढ़ोतरी 7वें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी कर्मचारियों और पेंशनरों पर लागू होगी।

**महंगाई के असर को कम करने की कोशिश:** महंगाई भत्ता (डीए ) का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनरों की आय को महंगाई के प्रभाव से बचाना है। यह बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय किया जाता है और हर साल दो बार संशोधित किया जाता है। डीए की गणना औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW) के आधार पर की जाती है, जिसे श्रम मंत्रालय के तहत लेबर ब्यूरो हर महीने जारी करता है।

**दीवाली पर भी तीन फीसदी बढ़ा था महंगाई भत्ता:** पिछली बार केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। उस समय (अक्तूबर में) डीए को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी हुआ था। उस बढ़ोतरी का एरियर भी कर्मचारियों और पेंशनर्स को दिया गया था, जिससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिला था।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मार्च 2028 तक बढ़ाई गई

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 (पीएमजीएसवाई-3) को मार्च 2025 की अवधि के बाद मार्च 2028 तक जारी रखने को भी मंजूरी दे दी है। योजना के क्रियान्वयन के लिए कुल वित्तीय परिव्यय को मूल आवंटित राशि 80,250 करोड़ से बढ़ाकर 83,977 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मैदानी क्षेत्रों में सड़कों-पुलों के निर्माण तथा पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण के शेष कार्यों को पूर्ण करने की समयसीमा मार्च 2028 तक बढ़ाई गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में पुलों के निर्माण को पूरा करने के लिए इस अवधि को मार्च 2029 तक बढ़ाया गया है। 31 मार्च, 2025 से पहले स्वीकृत वे सभी कार्य, जिनका आवंटन अभी नहीं हो सका था, उन्हें अब निविदा व आवंटन प्रक्रिया की अनुमति दी गई है। पहले से स्वीकृत सड़कों के मार्ग पर आने वाले 161 नए लंबे पुलों के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। 961 करोड़ की अनुमानित लागत वाले इन पुलों की स्वीकृति, निविदा और आवंटन प्रक्रिया को अब आगे बढ़ाया जा सकेगा।




रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने सातवें विकेट के लिए दमदार साझेदारी कर केकेआर को अभूतपूर्व जीत दिला दी है। इस सीजन पहली जीत दर्ज करने के लिए केकेआर की टीम तरस गई थी, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ विपरीत परिस्थितियों से पार पाकर टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। केकेआर की टीम इसके साथ ही अंक तालिका में नौवें नंबर पर आ गई है।

# रिंकू-अनुकूल ने राजस्थान के मुंह से छीनी जीत, आईपीएल में सातवें विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने राजस्थान रॉयल्स को चार विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। केकेआर के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने सातवें विकेट के लिए दमदार साझेदारी कर केकेआर के लिए जीत का खाता खोला। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।



लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और टीम ने 85 रन के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिए थे। जोफ्रा आर्चर ने पहली ही गेंद पर टिम सीफर्ट को पवेलियन की राह दिखाई और फिर नांद्रे बर्गर ने दूसरे ओवर में कप्तान अजिंक्य रहाणे को अपना शिकार बनाया। केकेआर को दोनों सलामी बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। इसके बाद टीम ने कैमरन ग्रीन (27), अंगकृष रघुवंशी (10), रोवमैन पॉवेल (23) और रमनदीप सिंह (10) के विकेट नियमित अंतराल पर ही गंवा दिए। उस वक्त केकेआर की टीम मुश्किल में नजर आ रही थी।

रिंकू सिंह मौजूदा सीजन में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन आज सही समय पर उनके बल्ले से रन निकले। रिंकू केकेआर में फिनिशर की भूमिका के लिए जाने जाते हैं और राजस्थान के खिलाफ वह ऐसा करने में सफल भी रहे। छह विकेट गिरने के बाद रिंकू सिंह ने अनुकूल रॉय के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 37 गेंदों पर 76 रनों की अविजित साझेदारी की। यह आईपीएल में सफल रन चेज में सातवें या इससे निचले क्रम के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस मामले में शीर्ष पर एबी डिविलियर्स और इकबाल अब्दुल्लाह की जोड़ी है जिन्होंने 2016 में आरसीबी के लिए खेलते हुए गुजरात लायंस के खिलाफ 91 रनों की अविजित साझेदारी की थी।

केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने अर्धशतक लगाया और टीम को जीत दिलाकर ही पवेलियन लौटे। केकेआर के लिए रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 53 रन बनाए। यह केकेआर की ओर से सफल रन चेज में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा सर्वोच्च स्कोर है। वहीं, अनुकूल 16 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 29 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की ओर से रवींद्र जडेजा को दो विकेट मिले, जबकि जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और यश राज पूंजा को एक-एक विकेट मिले।

इससे पहले, राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान को वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में केकेआर को कोई सफलता हासिल नहीं करने दी और पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े। राजस्थान के लिए वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी की, जबकि उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

# अनुबंध था ही नहीं, फिर कैसे लगाया बैन?: पीएसएल-नकवी की बड़ी फजीहत, मुजरबानी विवाद से उनकी टी20 लीग पर फिर लगा दाग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग एक बार फिर विवादों में है। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर लगाए गए दो साल के प्रतिबंध को लेकर नया मोड़ आ गया है। खिलाड़ी की पीआर एजेंसी ने साफ कहा है कि बिना अनुबंध के प्रतिबंध लगाना पूरी तरह गलत है, जिससे लीग की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### अनुबंध ही नहीं, तो उल्लंघन कैसा?

मुजरबानी की एजेंसी ने बयान जारी कर पीएसएल के फैसले को चुनौती दी है। उनके मुताबिक, इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ सिर्फ बातचीत हुई थी, लेकिन कोई आधिकारिक अनुबंध साइन नहीं हुआ। ऐसे में अनुबंध उल्लंघन का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। एजेंसी ने इसे बेहद ज्यादा और गलत सजा बताया।



एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी लीग में खेलने के लिए एनओसी जरूरी होता है, जो तभी मिलता है जब वैध कॉन्ट्रैक्ट मौजूद हो। चूंकि मुजरबानी को ऐसा कोई साइन किया हुआ कॉन्ट्रैक्ट मिला ही नहीं, इसलिए पूरी प्रक्रिया अधूरी थी। इस लापरवाही ने पीएसएल के प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इसी बीच आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के तौर पर साइन कर लिया। चूंकि कोई बाध्यकारी समझौता नहीं था, इसलिए मुजरबानी ने आईपीएल का ऑफर स्वीकार कर लिया और यहीं से पूरा विवाद खड़ा हो गया।

ऑफ-फील्ड विवाद के बीच मुजरबानी ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम




इंदौर में आईपीएल सट्टेबाजी पर पुलिस की कार्रवाई

### 5 सटोरिए गिरफ्तार, मोबाइल से चल रहा था नेटवर्क, प्रतिबंधित लिंक से लगा रहे थे दांव

**इन्दौर।** इंदौर में आईपीएल सट्टेबाजी के खिलाफ जारी अभियान के तहत खजराना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने मौके से उनके मोबाइल भी जब्त किए हैं। टीआई मनोज सेंधव को सूचना मिली थी कि स्टार चौराहे के पास ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में कुछ युवक घेरा बनाकर मोबाइल पर सट्टेबाजी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और सभी आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आईपीएल मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चल रहे मुकाबले पर हार-जीत समेत अलग-अलग तरह के दांव लगा रहे थे। पुलिस ने वीरसिंह सांवलिया (खजराना), दिनेश राठौर (सूरज नगर), अंगद पटेल (सिद्धि विनायक कॉलोनी), रोहित परमार (गणेशपुरी) और सचिन सोलंकी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। आरोपी मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए थे और उसी के माध्यम से पूरा नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से मोबाइल फोन और कुछ नकद राशि भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने प्ले अड्डा लिंक के जरिए अंगद के नाम से आईडी बनाई थी, जिसके माध्यम से लेन-देन और हिसाब-किताब किया जाता था। हालांकि, जिस लिंक के जरिए वे ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे, उसे सरकार पहले ही प्रतिबंधित कर चुकी है।

### पलंग से गिरी 5 माह की बच्ची की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



**इन्दौर।** इंदौर के रावजी बाजार क्षेत्र में 5 माह की मासूम बच्ची की पलंग से गिरने के बाद मौत हो गई। घटना के समय उसकी मां घर में खाना बना रही थी। गंभीर हालत में बच्ची को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन इलाज के बाद गत रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मृत बच्ची आयत, पिता अबरार शेख की बेटी थी। 14 अप्रैल को वह घर में बिस्तर पर खेलते हुए करवट लेने के दौरान नीचे गिर गई थी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। मां ने तुरंत पिता को सूचना दी और दोनों उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। आयत के पिता हम्माली का काम करते हैं और परिवार किराए के मकान में रहता है। परिवार में एक बेटी और एक बेटा और भी हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आयत के माता-पिता उसकी पोस्टमार्टम प्रक्रिया के पक्ष में नहीं थे। शनिवार रात मौत के बाद उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत की, जहां उन्हें पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। इस मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। वहीं पुलिस ने भी बिना पोस्टमार्टम के बच्ची का शव परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया।

### नंदबाग इलाके में गत रात फर्नीचर कारीगर के साथ लूट की वारदात हुई

**इंदौर।** नंदबाग इलाके में गत रात फर्नीचर कारीगर के साथ लूट की वारदात हुई। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में 4-5 बदमाशों ने चाकू मारकर घायल किया और नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। धर्मेंद्र शर्मा (34) रात करीब 10 बजे नंदबाग कचरा प्लाट के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ा। तभी 4-5 बदमाश मदद के बहाने पहुंचे और मोबाइल छीनने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू मार दिया और जेब से करीब 8 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। घटना के बाद धर्मेंद्र करीब एक घंटे तक मौके पर घायल पड़ा रहा। होश आने पर वह अनमोल नर्सिंग होम पहुंचा, जहां से परिजनों को सूचना दी गई। हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है।

### शादी में नाचने को लेकर हुए विवाद में हमला

**इन्दौर।** नाचने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर हमला कर दिया, उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। चंदननगर इलाके के सिरपुर काकड़ में एक शादी समारोह था, जहां नाचने की बात को लेकर विवाद हो गया, जिसमें एक 18 साल के कृष्णा पिता पप्पू मेहता निवासी सिरपुर काकड़ पर किसी ने चाकू से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने कृष्णा को संभाला और फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। अभी हमलावरों की जानकारी नहीं मिल पाई है। इंटर्नशिप कराने वाली एजेंसी का जो ऑफिस का पता था, उस पर कोई भी एजेंसी नहीं मिली है, इससे साबित होता है कि यह एजेंसी पूर्ण रूप से फर्जी थी। संगठन ने लोकायुक्त में शिकायत की चेतावनी भी दी है।

इंदौर में वारंट तामीली विवाद पर कार्रवाई

### लसूड़िया के 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड, जबरन घर में घुसने की शिकायत के बाद एक्शन

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में डीसीपी (जोन-2) कुमार प्रतीक ने कार्रवाई करते हुए 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। बताया जा रहा है कि वारंट तामीली के दौरान पुलिसकर्मियों ने जबरन एक घर में घुसने की कोशिश की थी, जिस पर दूसरे पक्ष ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामला एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी से जुड़े विवाद का बताया जा रहा है। इस कार्रवाई में एसआई संजय विश्नोई, प्रणीत भदौरिया, दिनेश जाट, रविन्द्र कुशवाह और एक कोर्ट मुंशी को निलंबित किया गया है। जानकारी के मुताबिक वारंट तामीली को लेकर डीसीपी कार्यालय में शिकायत पहुंची थी, जिसके बाद जांच कर यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार, मामला एक रिटायर्ड एसीपी से जुड़ा है, जो पहले विजयनगर थाने में पदस्थ रह चुके हैं। पुलिसकर्मी वारंट तामिल करने के लिए निलेश नामक व्यक्ति के घर पहुंचे थे, जहां विवाद की स्थिति बन गई और शिकायत की गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले डीसीपी जोन-2 ने ट्रांसफर सूची जारी की थी, जिसमें संजय विश्नोई को तिलक नगर और प्रणीत भदौरिया को परदेशीपुरा भेजने के आदेश दिए गए थे।

इंदौर के दल ने उज्जैन से आने वाली बारात को पुलिस और प्रशासन के माध्यम से रुकवाया

# बालिका के परिजन मान गए पर दूल्हे ने कहा मैं तो अभी करूंगा शादी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बालिग होने में 8 माह कम उम्र की बालिका के परिजनों को बेटी के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक शादी नहीं करने के लिए समझा लिया। दूसरी तरफ दूल्हे ने वधू पक्ष को फोन पर कहा कि कुछ भी हो जाए वह शादी आज ही करेगा।

सूचना के बाद इंदौर के दल ने उज्जैन से आने वाली बारात को पुलिस और प्रशासन के माध्यम से रुकवा दिया।

खजराना थाना क्षेत्र के कॉलेज कॉलोनी में नाबालिग लड़की के विवाह की शिकायत पर जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंह ने जांच के लिए उड़न दस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक को जिम्मेदारी सौंपी। पाठक उड़नदस्ता सदस्य संगीता सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और बालिका के माता-पिता से मिलकर उसके जन्म का प्रमाण लिया। अंक सूची के अनुसार बालिका की उम्र वर्तमान में 17 वर्ष 4 माह की है। परिवार को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, कानून और सजा की जानकारी दी।



परिवार ने अपनी गलती मानी और बेटी के पूर्ण बालिग होने पर ही उसका विवाह करने की सहमति दी। आज होने वाले विवाह समारोह को निरस्त करते हुए आने वाले मेहमानों को सिर्फ भोजन करने की बात कही। जब यह सूचना वधू पक्ष ने दूल्हे के परिवार को दी तो वह नाराज हो गया। दूल्हे ने कहा कि वह तो हर हाल में आज ही शादी करेगा देखता हूं कौन रोकता है।

परिवार ने यह जानकारी जब दल को दी तो उन्होंने उज्जैन में संबंधित थाना क्षेत्र उन्हेल और महिला बाल विकास अधिकारी को सूचना देकर देर रात कार्रवाई की। उज्जैन जिला कार्यक्रम अधिकारी त्रिपाठी के अनुसार बरात निरस्त कराई गई। पुलिस पूरे समय उन पर नजर रखेगी। पाठक ने बताया कि यदि इंदौर बारात पहुंचती है तो दूल्हा और उसके परिजनों के विरुद्ध करवाई की जाएगी। पाठक ने परिजनों से कहा कि आपने जो खर्च कर लिया है वह ठीक है अब आठ माह बाद बेटी का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कराया जाएगा, इस बात से परिजन खुश हो गए।

थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू गोविंद कॉलोनी में मात्र 15 वर्ष की बेटी के विवाह की तैयारी चल रही थी। अगले महीने किए जाने वाले विवाह की शिकायत के आधार पर उड़न दस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक के नेतृत्व में सदस्य देवेंद्र कुमार पाठक और संगीता सिंह के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रिया सिंह व थाना बाणगंगा का दल मौके पर पहुंचा। पुलिस और विभाग के दल को देखकर पहले तो परिवार ने मना कर दिया कि उनके यहां कोई विवाह नहीं है।

बातों ही बातों में यह सामने आया कि बेटी का विवाह देपालपुर तहसील अंतर्गत टप्पा गौतमपुरा के एक गांव में तय किया गया है। कुछ महीने पहले बेटी की सगाई परिवार ने कर दी थी।

बालिका के पिता नहीं होने के कारण उसका विवाह पिता के बड़े भाई ने करने की तैयारी की थी।

**16 साल की बेटी की शादी की हो गई तैयारी को समझाइश देकर रुकवाया**

जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंहा ने बताया कि बमोरी में एक 16 वर्ष की बालिका के विवाह की शिकायत हेल्पलाइन पर दर्ज की गई थी। शिकायत के आधार पर दल को मौके पर भेजा गया। जांच में बालिका की उम्र कम होने पर माता-पिता को समझाया उन्हें अधिनियम की जानकारी दी और यह विवाह निरस्त कराया। कार्रवाई के दौरान चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक फूलसिंह और विभाग के आशीष गोस्वामी उपस्थित थे।

मप्र स्टेट बार काउंसिल चुनाव में 119 प्रत्याशी मैदान में :12 मई को मतदान

# इंदौर से 22 वकील दावेदारों में चार महिलाएं भी शामिल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के 25 प्रतिनिधियों के लिए 12 मई को होने वाले पांच वर्षीय चुनाव के लिए 119 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी जस्टिस सुशील कुमार पालो द्वारा नामांकन पत्रों की जांच के बाद अधिकृत सूची सार्वजनिक की गई।

चुनाव के लिए कुल 138 नामांकन पत्र जमा हुए थे, जिनमें से 19 विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। अब 119 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे।

**इंदौर से 22 वकील मैदान में**

इंदौर से कुल 22 वकील इस चुनाव में उम्मीदवार हैं, जिनमें चार महिला वकील भी शामिल हैं। स्टेट बार काउंसिल के मौजूदा सदस्य विवेक सिंह, सुनील गुप्ता, हितोषी जय हार्डिया, नरेंद्र कुमार जैन और खिलाड़ी लाल गनगौरे पुनः चुनाव मैदान में हैं।

इसके अलावा इंदौर बार एसोसिएशन के 13 बार अध्यक्ष रह चुके सीनियर एडवोकेट सुरेंद्रकुमार वर्मा सहित निमेष पाठक, तनुज दीक्षित, राकेश सिंह भदौरिया, अखिलेश कुमार सक्सेना, विनोद द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, सीपी पुरोहित, राजेंद्र सिंह, कन्हैयालाल यादव, शेख अलीम, प्रीति तिवारी, प्रतिभा वालिया, नूरजहां खान, रेखा बोरवेल, शादाब खान और मोहम्मद शब्बीर खान जैसे नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

**प्रदेशभर में एक साथ होगा मतदान**

मप्र स्टेट बार काउंसिल का चुनाव पूरे प्रदेश में एक ही दिन 12 मई को आयोजित किया जाएगा। प्रत्याशियों को प्रदेश के 55 जिलों में स्थित 270 बार एसोसिएशनों में जाकर मतदाताओं से संपर्क करना होगा। प्रदेश में लगभग 86 हजार अधिवक्ता मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**22 अप्रैल को अंतिम सूची**

नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 से 22 अप्रैल शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके बाद 22 अप्रैल को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ गई है और विभिन्न प्रत्याशी अपने-अपने समर्थन के लिए प्रदेशभर में संपर्क अभियान शुरू कर चुके हैं।

# चंदन नगर में पड़ोसियों के बीच विवाद ने लिया हिंसक रूप

**पथराव और मारपीट का वीडियो वायरल**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पड़ोसी परिवारों के बीच शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते मारपीट और पथराव तक पहुंच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, राजनगर कॉलोनी में आमने-सामने रहने वाले अंकित पगारे और कुलदीप के परिवारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक, घटना के समय दोनों पक्षों के लोग नशे की हालत में थे, जिसके चलते कहासुनी जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गई। दोनों तरफ से जमकर गाली-गलौज और मारपीट हुई, वहीं गुस्साए लोगों ने एक-दूसरे के घरों पर पत्थर भी फेंके। इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# छात्रा से दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का आरोप

## खजराना थाने में मामला दर्ज आरोपी को हिरासत में लिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में किराए से रहकर निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रही 19 वर्षीय छात्रा ने एक युवक पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर खजराना थाना पुलिस ने आरोपी राहुल उर्फ अब्दुल अजीज पठान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता ने बताया कि करीब एक साल पहले उसकी मुलाकात स्कीम नंबर 78 इलाके में आरोपी से हुई थी। उस समय उसने अपना नाम राहुल बताया और बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी। आरोपी ने खुद को भरोसेमंद दिखाते हुए शादी का प्रस्ताव रखा।

**घर ले जाकर बनाए संबंध**

छात्रा के अनुसार, जून 2025 में आरोपी उसे अपने घर ले गया, जहां उसके माता-पिता मौजूद नहीं थे। इसी दौरान उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी ने अपना असली नाम अब्दुल अजीज पठान बताया और कहा कि शादी के लिए उसे धर्म परिवर्तन करना होगा।

**वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता रहा शोषण**

पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी ने उसका वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद वह लगातार उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। आखिरी बार सितंबर में भी आरोपी ने उसे जबरदस्ती अपने घर ले जाकर संबंध बनाए।

कार लॉक हो जाती तो परिवार फंस जाता, तार जलने की बदबू से अलर्ट हुए

# चलती हुई सीएनजी कार में लगी आग पांच लोगों ने बाहर कूदकर बचाई जान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

चलते-चलते कार अचानक आग का गोला बन गई। कार में पांच लोग बैठे हुए थे। ड्राइवर ने धुआं देखकर कार रोक ली और पूरे परिवार को बचा लिया। घटना से परिवार सहमा हुआ है। जरा-सी देर होने पर बड़ा हादसा हो जाता। कार में सीएनजी कनेक्शन था। एसीपी पराग सैनी के अनुसार घटना बाम्बे अस्पताल चौराहा की है। तेजपुरा (देवास) निवासी जयसिंह की कार में आग लगी वह खुद ड्राइवरी करता है।

जयसिंह कार से मां कृष्णा, पत्नी स्नेहा, बेटी केशवी और बुआ के बेटे अनिमय को लेकर इंदौर आया था। शाम को उसने ओल्ड पलासिया स्थित डाक्टर से चेकअप करवाया और वापस देवास की ओर जाने लगा। जैसे ही ट्रैफिक सिंग्नल के पास पहुंचा, बोनट से धुआं निकलते हुए देखा और कार रोक दी। जयसिंह कार से नीचे उतरा ही था कि आग की लपटें उठने लगीं।

तार जलने की बदबू और धुआं देखकर उसने कार रोक ली थी। आग लगने से कार लॉक भी हो सकती थी। ऐसे में परिवार फंस जाता।

**कुछ ही देर में आग का गोला बन गई**

जयसिंह ने तुरंत परिवार को बाहर निकाला और दूर खड़ा हो गया। कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई। एसीपी के मुताबिक पुलिस ने ट्रैफिक रोका और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। संयोग से उसी वक्त पानी से भरे टैंकर का गुजरना हुआ और कार की आग बुझा दी गई। जयसिंह ने बताया कि कार में सीएनजी कनेक्शन था। संभवतः स्पार्किंग के कारण आग लगी है।






















स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com